26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 14 सितम्बर , 2026

अंक- 321 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# धामपुर में बहू ने सास की गला रेतकर हत्या की

**धामपुर ( चिंगारी )। क्षेत्र के** ग्राम करनावाला में एक बहू ने अपनी सास 65 वर्षीय सास ओमवती की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी बहू को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक करनावाला निवासी कमल कुमार का विवाह 2015 में प्रीति से हुआ था। अब उनके दो बच्चे हैं। कमल राजमिस्त्री का काम करता है। कल दोपहर वह खाना खाने के बाद काम पर चला गया था। शाम को उनकी पत्नी प्रीति (34 वर्ष) का फोन आया कि माता जी जीने से गिर गई हैं। कमल ने बताया कि जब वह घर पहुंचा तो मां जमीन पर पड़ी मिली। उनके शरीर पर चोट के तथा गर्दन पर धारदार हथियार के निशान थे। कमल कुमार ने बताया कि जब पत्नी से पूछताछ की गई, तो वह लगातार गुमराह करती रही और परिजनों के साथ झगड़ा करने लगी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस के सामने प्रीति द्वारा अपना जुर्म कबूल किया गया। परिवार की महिलाओं ने बताया कि प्रीति आयेदिन अपनी सास से झगड़ा करती रहती थी। प्रीति ने एक बार पहले भी खाने में जहरीला पदार्थ मिलाकर ओमवती को मारने का प्रयास किया था। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रीति को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



मृतका का फाइल फोटो व आरोपी बहू।

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
URGENTLY REQUIRED
PGT PHYSICS,ENGLISH,
P.T.I (B.P.ED/M.P.ED.)
TGT All Subjects
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Transport Facilities available for Bijnor Staff
Email : extrakotwali@gmail.com Send Resume on the
Given Number 9412201377
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

## शेफाली और स्मृति के अर्धशतक, भारत आठवीं बार बना चैम्पियन

**दुबई ( एजेंसी/चिंगारी )।** सलामी बल्लेबाजों शेफाली वर्मा (68) और स्मृति मंधाना (59) के शानदार अर्धशतकों तथा उनके बीच 129 रन की ओपनिंग साझेदारी और श्रीचरणी (20 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने श्रीलंका को रविवार को 72 रन से हराकर आठवीं बार महिला एशिया कप का चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया। भारत ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 183 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद श्रीलंका को 111 रन पर ढेर कर 2024 में श्रीलंका से मिली हार का बदला भी चुका लिया। श्रीचरणी ने 20 रन पर चार विकेट और दीप्ति शर्मा ने 19 रन पर तीन विकेट लेकर श्रीलंका को हार झेलने के लिए मजबूर कर दिया।

आवश्यकता हैं
बिजनौर शहर में महिला छात्रावास हेतु महिला वार्डन की आवश्यकता हैं इच्छुक व्यक्ति निम्न नंबर पर संपर्क करे .
8192005001

## गणेशोत्सव सामाजिक एकता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूत करने वाला महापर्व- योगी

**लखनऊ, ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को गणेश चतुर्थी और विश्वकर्मा पूजा की कोटि-कोटि मंगलकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, जनजागरण और राष्ट्र के प्रति संकल्प को मजबूत करने वाला महापर्व है। वहीं भगवान विश्वकर्मा की पूजा हमें श्रम, कौशल और सृजन के सम्मान का संदेश देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान गणेश का जीवन-दर्शन प्रकृति के संरक्षण और संतुलन का संदेश देता है। गणेश पूजन में प्रयुक्त होने वाले एकविंशति पत्र यानी 21 प्रकार के पत्र औषधीय पौधों और वनस्पतियों के संरक्षण की भारतीय परंपरा की ओर भी संकेत करते हैं। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों को प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मनाया जाना चाहिए। योगी ने कहा कि लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गणेशोत्सव को सार्वजनिक स्वरूप देकर इसे आस्था से सामाजिक एकता और जनशक्ति से राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाया था। आज भी गणेशोत्सव समाज को एकजुट करने और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों का बोध कराने का अवसर है।

खुशखबरी खुशखबरी
10वीं व 12वीं पास SC, ST, EWS, तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए 100% निशुल्क प्रवेश!
कोर्सस के नाम:
ANM | GNM | B.Sc. Nursing
D.Pharm | B.Pharm | BMLT
BCA | BBA | B.Tech
Polytechnic | Fashion Designing
एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम
BDS और BAMS ONLY
16 लाख मे
WITH ROOM, FOOD
TOTAL PACKAGE
छात्रों के लिए विशेष लाभ:
संस्थान द्वारा सभी कोर्स पूर्णत: नि:शुल्क।
पढ़ाई के साथ-साथ ₹10,000/माह की शानदार पेड इंटर्नशिप।
TCS जैसी टॉप कंपनियों और कैलाश जैसे प्रतिष्ठित अस्पतालों में कॉर्पोरेट व क्लिनिकल जॉब के बेहतरीन अवसर।
सरकारी छात्रवृत्ति (Scholarship) सीधे छात्र के बैंक खाते में।
100% कैरियर सपोर्ट और सुनिश्चित प्लेसमेंट सहायता।
जल्दी करें — सीटें सीमित हैं!
आज ही संपर्क करें, अपना फॉर्म भरें और एक सुनहरे भविष्य की दिशा में अपना पहला कदम उठाएँ।
Call / WhatsApp:
98374 58181, 94569 51520
Address:
ऑल नेट इंडिया ट्रस्ट (ALLNETINDIATRUST), शॉपर्स प्राइड मॉल (SRS Mall), शक्ति चौक, बिजनौर - 246701 (U.P.)

बिना आप्रेशन/बिना चीड़-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE
नोएडा-गुरुग्राम के प्रख्यात गुदा रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)



अब
सप्ताह में दो दिन बिजनौर में
बृहस्पतिवार -बिजनौर
शुक्रवार - बास्टा



न शर्मायें, न छिपायें न करें घरेलू उपचार न जायें नीम हकीमों के द्वार मात्र 10 दिनों में पायें स्थायी समाधान
बिना भर्ती, शीघ्र रिकवरी के साथ इस तकनीक द्वारा यह रोग भविष्य में कभी नहीं होते।
किसी भी शंका के समाधान के लिये तुरन्त कॉल करें-
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की



**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** युवा भाजपा नेता रवि कर्णवाल ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर अपने आवास पर भगवान गणेश की प्रतिमा विधि-विधान के साथ स्थापित की। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर रवि कर्णवाल ने कहा कि गणेश चतुर्थी आस्था और श्रद्धा का पर्व है। भगवान गणेश की पूजा-अर्चना से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की जाती है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु अपनी श्रद्धा के अनुसार घरों में गणपति की स्थापना कर पूजा-अर्चना करें और अनंत चतुर्दशी के दिन विधि-विधान के साथ प्रतिमा का विसर्जन करें। गौरतलब है कि रवि कर्णवाल पिछले 11 वर्षों से लगातार गणेश चतुर्थी के अवसर पर अपने आवास पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करते आ रहे हैं। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी बॉसकी कर्णवाल, पुत्र रुद्राक्ष कर्णवाल, अक्स कर्णवाल, दक्ष कर्णवाल, नक्श कर्णवाल, ललित कुमार, बबीता रानी, कृष्ण शर्मा आदि मौजूद रहे।

# हज यात्रियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

## साठ हज यात्रियों को जारी हुए फिटनेस प्रमाण-पत्र



**नगीना (चिंगारी)।** आगामी हज यात्रा को लेकर रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में हज यात्रियों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में साठ हज यात्रियों ने पंजीकरण कराकर स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया। जांच के बाद पात्र यात्रियों को फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी किए गए। चिकित्सा प्रभारी डॉ. विशाल दीवाकर ने बताया कि हज यात्रियों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शिविर में विभिन्न प्रकार की जांच की गई। इनमें एक्स-रे, रक्त जांच तथा ईसीजी प्रमुख रूप से शामिल रहे। यात्रियों के स्वास्थ्य की पूरी तरह जांच करने के बाद फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी किए गए। शिविर में डॉ. मोहम्मद अहमद अली, डॉ. माज, डॉ. दिव्यांशु शेखर तथा डॉ. विशाल कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। चिकित्सकों ने हज यात्रियों को यात्रा के दौरान स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने तथा आवश्यक सावधानियां बरतने की जानकारी भी दी। शिविर को सफल बनाने में आसपा नेता परवेज पाशी का विशेष योगदान रहा।

# प्रियांशी सिंघल ने स्वयं बनाई मिट्टी से गणेश प्रतिमा

**कालागढ़ (चिंगारी)।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर कालागढ़ निवासी पवन सिंघल की पुत्री प्रियांशी सिंघल ने पर्यावरण संरक्षण और रचनात्मकता का संदेश देते हुए मिट्टी से भगवान गणेश की सुंदर प्रतिमा तैयार की। प्रियांशी ने अपने हाथों से मिट्टी को आकार देकर मूषक पर विराजमान भगवान गणेश की प्रतिमा बनाई और उसे विधि-विधान के साथ अपने आवास पर स्थापित किया। मिट्टी से स्वयं तैयार की गई भगवान गणेश की प्रतिमा श्रद्धा के साथ-साथ प्रियांशी की कला और रचनात्मक प्रतिभा को भी दर्शाती है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर घर में प्रतिमा स्थापित कर परिवार ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर पवन सिंघल, शंकर सिंघल, वर्षा सिंघल, कार्तिक सिंघल, योगेश सैनी, रामकुमार आदि मौजूद रहें।

**प्रियांशी द्वारा मिट्टी से बनाई भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा।**



# सहकार भारती की जिला बैठक में संगठन विस्तार पर हुआ मंथन



**नगीना (चिंगारी)।** मोहल्ला लाल सराय स्थित पूर्व विधायक एवं सहकार भारती औद्योगिक प्रकोष्ठ के सहप्रमुख सतीश गौतम के आवास पर रविवार को सहकार भारती की जिला बैठक आयोजित की गई। इसमें संगठन के विस्तार और उसे जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विभाग संयोजक चौधरी राजवीर सिंह ने कार्यकर्ताओं से सहकारिता के माध्यम से किसानों, पशुपालकों और मत्स्य पालकों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान गन्ना, पशुपालन, मत्स्य पालन समेत विभिन्न क्षेत्रों में संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। बैठक में मुरादाबाद विभाग में आगामी तीन और चार अक्टूबर को प्रस्तावित दो दिवसीय अभ्यास वर्ग को लेकर भी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई तथा इसकी तैयारियों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि सहकार भारती का उद्देश्य सहकारिता के माध्यम से किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है। बैठक में पूर्व विधायक सतीश गौतम, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, सहसंपर्क प्रमुख विश्वास बिश्नोई, प्रांतीय पार्षद भाजपा रोहित रवि, महेश राणा, भूपेंद्र चौधरी, सुगम चंद, सुशील चौधरी, मुजाहिद हसन, भूपेंद्र चौहान, मोहम्मद सलमान, नीरज कुमार, मलखान सिंह, नरेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

# अब्दुल सलाम को सपा में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी, समर्थकों में खुशी भारी

**बिजनौर (चिंगारी)।** लंबे समय से राजनीति में सक्रिय अब्दुल सलाम को समाजवादी पार्टी में उपाध्यक्ष बनाए जाने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। पार्टी द्वारा उन्हें नई जिम्मेदारी दिए जाने की जानकारी मिलते ही समर्थकों ने कई स्थानों पर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया। समर्थकों ने कहा कि अब्दुल सलाम लंबे समय से पार्टी के लिए पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ कार्य करते आ रहे हैं। पार्टी ने उन्हें उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपकर उनकी मेहनत और समर्पण का सम्मान किया है। समर्थकों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में पार्टी को और मजबूती मिलेगी। वहीं, अब्दुल सलाम ने उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी हाईकमान, जिलाध्यक्ष हनी फैसल सहित जिले के सभी पदाधिकारियों एवं विधायकगण का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा और समर्पणभाव से निर्वहन करेंगे। वह पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे।





अब धामपुर में भी इलेक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम खुल गया है

पता- इंदिरा नगर कॉलोनी निकट आयुष्मान हॉस्पिटल, धामपुर 246761

मो. 8192801901

बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की। मो. 819280190

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# जय गणेश..जय गणेश..जय गणेश देवा..

## धूमधाम के साथ विराजे गणपति बप्पा

**स्योहारा ( चिंगारी )।** जनपद भर मे सबसे विशाल रूप मे गणेशोत्सव मनाने के लिए स्योहारा का नाम आता है। नगर मे बड़े ही धूमधाम से गणपति बप्पा जी को काली माता मंदिर से लाया गया और नगर के विभिन्न स्थानो पर वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा स्थापित किया गया। ग्यारह दिन का गणेशोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया जाता है। सुबह शाम नगर आरती एंव मन्त्रोच्चार की धुन से सरावोर रहता है। सुबह करीब 9 बजे से गणपति बप्पा को लाने के लिए नगर के नर नारियां ढोल नगाड़ों के साथ काली माता मंदिर पहुचे। लक्ष्मी नारायण मंदिर मे लगभग एक किलो चांदी से गणपति बप्पा सजाये गये। जालीवाला मंदिर पर पंडित राजेन्द्र शास्त्री के साथ मोहित वर्मा, विनय रस्तोगी, पारस


किरतपुर


वर्मा, मणि वर्मा, विनोद रस्तोगी, अभिनव रस्तोगी, लक्ष्मी नारायण मंदिर पर मुकेश रस्तोगी, सनी रस्तोगी, रजत रस्तोगी, शिवमूर्ति पर वैभव रस्तोगी,पंकज छाबड़ा, पीयूष रस्तोगी, मोहित रस्तौगी, शोभित रस्तोगी,आशू गुप्ता ने मूर्ति सहयोग से स्थापित की। इसके अलावा आर्यनगर शिवमंदिर, संतोषी माता मंदिर, शुगरमिल कालोनी, मोहल्ला जोशीयान, मोहल्ला सोतियान, मोहल्ला मालवीयान, मोहल्ला बंसतगढ़, मोहल्ला तलाई, कुम्हारों वाली ढाली, बड़ा बाजार, ठाकुर मंदिर, मोहल्ला बाल्मीकि आदि स्थानों पर गणपति बप्पा को स्थापित किया। इस दौरान डा. मनोज वर्मा, संजय जैन,हरिओम उर्फ हैरी गुर्जर,विशाल चौहान उर्फ पधान, डा. यज्ञदत्त गौड़, अमित वर्मा, प्रियाशु वर्मा, डा. एचएस कालरा, सोवीर सिंह, अमित रस्तोगी, शंशाक विश्नोई, नीटू जोशी, मनोज भटनागर, डा. राजबाहदुर शर्मा, आशू रस्तोगी, आलोक अग्रवाल, नामित सभासद सुरेंद्र सिह अरोड़ा उर्फ राजू आदि मौजूद रहे।

धामपुर। श्री गणेश मित्र मंडल द्वारा मोहल्ला खातियान छोटी सब्जी मंडी में दीपक सराफ के आवास परिसर में आज प्रात: गणपति भगवान की मूर्ति स्थापित की गई इस अवसर पर गणेश मित्र मंडल के संस्थापक गणेश मराठा व अन्य पदाधिकारी नगर परिक्रमा कराते हुए मूर्ति को मुख्य बाजार से लेकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। इसके अलावा श्री गणेश चौथ समिति बड़ी मंडी धामपुर द्वारा बड़ी मंडी में गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई


श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर पर गणपति को स्थापित श्रद्धालु

संस्था के संयोजक विजय जैन, संयम जैन ने पूर्व विधायक डॉक्टर इंद्रदेव नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह के साथ पूजन कराया। इसके अलावा फल चौक स्थित मंदिर श्री ठाकुरद्वारा बजरिया, मुख्य डाकघर के बाहर अंकुर कंपलेक्स, बड़ी मंडी स्थित राजगढियों की धर्मशाला, मोहल्ला गुजरातियान श्री राधा कृष्ण मंदिर, मोहल्ला बाडवान में भी गणपति भगवान की मूर्ति स्थापित की गई।

**किरतपुर।** आज गणपति महोत्सव बड़े धूमधाम से शुरू हुआ नगर में तीन जगह पर भगवान गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई। हवन पूजन हुआ तथा प्रसाद वितरण किया। नगर का वातावरण गणेशमय में हो गया। नगर के प्राचीन सिद्ध पीठ काली मंदिर में माली युवा संगठन तथा अग्रवाल धर्मशाला में सराफा बाजार के व्यापारियों द्वारा और मोहल्ला झंडा में गिरि समाज द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। अग्रवाल धर्मशाला के कार्यक्रम में मुख्य यजमान रविंद्र सिंघल व उनके पत्नी मेघा सिंघल रहे।




Hero
★हीरो मोटो कॉर्प के इलैक्ट्रिक स्कूटर VIDA की बुकिंग शुरू
Hero
पहले बुक करायें और पहले पायें अपना स्कूटर
फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

# गिरता स्तर, घटता बजट

एक सर्वेक्षण के अनुसार देश में उच्च शिक्षा खासकर विज्ञान के क्षेत्र में शोध कार्यों का स्तर बहुत गिर रहा है। ऐसे में इसके चलते केंद्रीय बजट में सरकार ने विज्ञान के विकास, शोध परियोजनाओं की बढ़ोत्तरी तथा अनुसंधान कार्य के लिए शोध फंड संगठन बनाने की बात कही है। इस संगठन के जरिए छात्रों को शोध परियोजनाओं के लिए सहायता दी जाएगी। फिलहाल देश में प्रौद्योगिकी विकास कोष के नाम पर कई सौ करोड़ रुपये आवंटित किये गए हैं। पांच नए आईआईटी और पांच आईआईएम बनाने की घोषणा भी हुई है लेकिन बजट में देश में बुनियादी विज्ञान के विकास के लिए कुछ खास नहीं है। कुल मिला कर सरकार ने विज्ञान और तकनीक के पूरे क्षेत्र के लिए बजट में जीडीपी का लगभग एक प्रतिशत दिया है जो उम्मीद से काफी कम है। यह उम्मीद से कम इसलिए भी कहा जाएगा क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विज्ञान और तकनीक को बढ़ावा देने की बात कई मंचों पर कह चुके हैं। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने भारतीय विज्ञान कांग्रेस समारोह में कहा था कि हमें विज्ञान व प्रौद्योगिकी पर सकल घरेलू उत्पाद ( जीडीपी ) का कम से कम दो फीसद खर्च करना चाहिए। यह सरकार और उद्योग जगत दोनों की तरफ से होना चाहिए। बाकी देशों से तुलना करें तो अमेरिका और चीन सहित दुनिया के तमाम छोटे-बड़े देश विज्ञान व अनुसंधान के क्षेत्र में बजट बढ़ाते रहे हैं। दक्षिण कोरिया जैसे देश में भी सकल घरेलू उत्पाद का बड़ा हिस्सा विज्ञान क्षेत्र पर खर्च होता है, जिसमें उद्योग जगत का सहयोग भी अहम है। सरकार द्वारा इस बारे में चिंता तो व्यक्त की जाती रही है लेकिन समाधान स्वरूप वास्तविक धरातल पर कुछ भी क्रियान्वित नहीं हो पाता है। कुल मिलाकर देश में वैज्ञानिक शोधों की दशा अत्यंत दयनीय है। भारत रत्न प्रोफेसर सीएनआर राव भी देश में विज्ञान और तकनीक क्षेत्र में कम बजट देने के लिए सरकार और राजनीतिज्ञों की आलोचना कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि देश में वैज्ञानिक शोध को बढ़ावा देने के लिए जो सरकारी बजट या फंड है, वह काफी कम है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत तरक्की जरूर कर रहा है, लेकिन वहां के लिए भी समुचित बजट उपलब्ध नहीं है।

**हिन्दी दिवस पर विशेष**

# औद्योगिक विकास में भाषाओं की भूमिका

**औद्योगिक क्षेत्र में हिन्दी की उपयोगिता हिन्दी की सबसे बड़ी विशेषता उसका व्यापक जनाधार और संपर्क-क्षमता है। देश के अनेक भागों से आने वाले श्रमिक और कर्मचारी जब एक ही औद्योगिक प्रतिष्ठान में कार्य करते हैं, तब उनके बीच संपर्क के लिए ऐसी भाषा की आवश्यकता होती है जिसे अधिक से अधिक लोग समझ सकें। ऐसे वातावरण में हिन्दी उपयोगी संपर्क-भाषा का कार्य कर सकती है।**

औद्योगिक विकास किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति का महत्तवपूर्ण आधार है। उद्योग केवल मशीनों, तकनीक, पूंजी और श्रम के समन्वय से ही विकसित नहीं होते, बल्कि उनके सुचारु संचालन के लिए प्रभावी संचार भी आवश्यक है। उद्योगों में उत्पादन से लेकर विपणन, प्रशिक्षण, प्रशासन, प्रबंधन, अनुसंधान, ग्राहक-सेवा और श्रमिकों के बीच समन्वय तक प्रत्येक स्तर पर भाषा की महत्तवपूर्ण भूमिका होती है। भाषा विचारों, सूचनाओं और निर्देशों के आदान-प्रदान का सबसे प्रभावी माध्यम है। अत: औद्योगिक विकास को भाषा से अलग करके नहीं देखा जा सकता। भारत जैसे बहुभाषी देश में विभिन्न भारतीय भाषाएं उद्योगों के विकास में अपनी-अपनी भूमिका निभाती हैं। इनमें हिन्दी का स्थान विशेष महत्तवपूर्ण है। हिन्दी भारत के विशाल भू-भाग में संपर्क और व्यवहार की भाषा के रूप में प्रयुक्त होती है। इसलिए औद्योगिक क्षेत्र में हिन्दी का प्रभाव केवल हिन्दीभाषी राज्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के अनेक औद्योगिक प्रतिष्ठानों में यह कर्मचारियों, श्रमिकों, अधिकारियों और उपभोक्ताओं के बीच संवाद का उपयोगी माध्यम बन सकती है।

## उद्योग और भाषा का संबंध

किसी भी उद्योग में कार्य की सफलता के लिए स्पष्ट और सरल संचार आवश्यक है। मशीनों के संचालन संबंधी निर्देश, सुरक्षा-संबंधी सावधानियां, कार्य-विधि, प्रशिक्षण-सामग्री, कार्यालयीन आदेश तथा कर्मचारियों के बीच संवाद यदि उनकी समझ की भाषा में उपलब्ध हों तो कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। इसके विपरीत भाषा की जटिलता या संचार में अस्पष्टता से भ्रम, त्रुटि और दुर्घटना की संभावना बढ़ सकती है। औद्योगिक संस्थानों में भाषा की भूमिका तीन प्रमुख स्तरों पर दिखाई देती है-आंतरिक संचार, तकनीकी एवं प्रशासनिक कार्य तथा बाजार एवं उपभोक्ता-संपर्क। कर्मचारियों को निर्देश देने, प्रशिक्षण प्रदान करने और कार्य-समन्वय स्थापित करने में भाषा महत्तवपूर्ण है। तकनीकी शब्दावली के माध्यम से जटिल प्रक्रियाओं को समझाया जाता है। इसी प्रकार उत्पादों के प्रचार-प्रसार, विज्ञापन, ग्राहक-सेवा और बाजार-विस्तार में स्थानीय भाषाओं का प्रयोग उपभोक्ताओं से निकट संबंध स्थापित करता है।

## औद्योगिक क्षेत्र में हिन्दी की उपयोगिता

हिन्दी की सबसे बड़ी विशेषता उसका व्यापक जनाधार और संपर्क-क्षमता है। देश के अनेक भागों से आने वाले श्रमिक और कर्मचारी जब एक ही औद्योगिक प्रतिष्ठान में कार्य करते हैं, तब उनके बीच संपर्क के लिए ऐसी भाषा की आवश्यकता होती है जिसे अधिक से अधिक लोग समझ सकें। ऐसे वातावरण में हिन्दी उपयोगी संपर्क-भाषा का कार्य कर सकती है। औद्योगिक प्रशिक्षण में हिन्दी का प्रयोग विशेष रूप से उपयोगी है। यदि श्रमिकों को मशीनों के संचालन, सुरक्षा-नियमों और कार्य-विधि की जानकारी उनकी समझ की भाषा में दी जाए तो वे उसे अधिक सहजता से ग्रहण कर सकते हैं। इससे कार्य की गुणवत्ता बढ़ती है तथा औद्योगिक दुर्घटनाओं को कम करने में भी सहायता मिल सकती है। राजभाषा हिन्दी का प्रयोग सरकारी तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में प्रशासनिक कार्यों के लिए भी महत्तवपूर्ण है। कार्यालयीन पत्राचार, टिप्पणियां, प्रतिवेदन, परिपत्र, कर्मचारी-सूचनाएं और विभिन्न प्रशासनिक गतिविधियों में हिन्दी के प्रयोग से राजभाषा नीति को प्रभावी रूप से लागू किया जा सकता है। साथ ही, इससे कर्मचारियों को अपनी भाषा में कार्य करने का अवसर मिलता है।




## तकनीकी हिन्दी की आवश्यकता

औद्योगिक विकास के वर्तमान युग में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का महत्तव निरंतर बढ़ रहा है। ऐसे में हिन्दी को केवल साहित्य और सामान्य व्यवहार की भाषा तक सीमित रखना उचित नहीं होगा। उसे विज्ञान, तकनीक, प्रबंधन, सूचना-प्रौद्योगिकी और आधुनिक उद्योगों की भाषा के रूप में भी विकसित करना आवश्यक है। तकनीकी विषयों की सरल एवं मानक हिन्दी में सामग्री उपलब्ध होने से विद्यार्थियों, प्रशिक्षुओं, तकनीशियनों और कर्मचारियों को विषय समझने में सुविधा होती है। इसके लिए तकनीकी शब्दावली का मानकीकरण आवश्यक है। साथ ही, ऐसी हिन्दी विकसित की जानी चाहिए जो न तो अनावश्यक रूप से कठिन हो और न ही वैज्ञानिक एवं तकनीकी अवधारणाओं की स्पष्टता को प्रभावित करे। आज डिजिटल तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वचालन, रोबोटिक्स और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों का विस्तार हो रहा है। इन क्षेत्रों में हिन्दी सहित भारतीय भाषाओं का प्रयोग बढ़ाना आवश्यक है, क्योंकि इससे तकनीकी विकास का लाभ समाज के व्यापक वर्ग तक पहुँचाया जा सकता है।

## हिन्दी और औद्योगिक विपणन

उद्योग का उद्देश्य केवल उत्पादन करना नहीं, बल्कि अपने उत्पाद और सेवाओं को उपभोक्ताओं तक पहुंचाना भी है। विपणन और विज्ञापन में भाषा की भूमिका अत्यंत महत्तवपूर्ण है। उपभोक्ता जिस भाषा में किसी उत्पाद की विशेषताओं, उपयोगिता और लाभ को सहजता से समझता है, उस भाषा में किया गया संवाद अधिक प्रभावी हो सकता है। हिन्दी का व्यापक क्षेत्र इसे विज्ञापन, प्रचार, ग्राहक-सेवा और जनसंपर्क की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी बनाता है। डिजिटल माध्यमों, सामाजिक संचार-माध्यमों और ऑनलाइन बाजार के विस्तार ने हिन्दी में औद्योगिक संचार की संभावनाओं को और बढ़ाया है। हिन्दी में उत्पाद-सूचना और ग्राहक-सेवा उपलब्ध कराने से उद्योग नये उपभोक्ता-वर्ग तक पहुंच सकते हैं।

## भारतीय भाषाओं के साथ हिन्दी का समन्वय

भारत की भाषायी विविधता उसकी शक्ति है। इसलिए औद्योगिक विकास में हिन्दी की भूमिका को अन्य भारतीय भाषाओं के विरोध के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उद्योगों को स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार क्षेत्रीय भाषाओं का भी प्रयोग करना चाहिए। स्थानीय श्रमिकों और उपभोक्ताओं के साथ स्थानीय भाषा में संवाद अधिक प्रभावी हो सकता है, जबकि व्यापक स्तर पर हिन्दी संपर्क-भाषा की भूमिका निभा सकती है। अंग्रेजी का भी तकनीकी और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अपना महत्तव है। इस प्रकार आवश्यकता किसी एक भाषा को दूसरी भाषा के स्थान पर स्थापित करने की नहीं, बल्कि बहुभाषी औद्योगिक संचार-व्यवस्था विकसित करने की है। हिन्दी इस व्यवस्था में एक महत्तवपूर्ण सेतु-भाषा के रूप में कार्य कर सकती है।

## चुनौतियां और समाधान

औद्योगिक क्षेत्र में हिन्दी के विस्तार के सामने कुछ चुनौतियां भी हैं। तकनीकी विषयों में अंग्रेजी की व्यापकता, उच्च स्तरीय तकनीकी सामग्री का अभाव, मानक तकनीकी शब्दावली के सीमित प्रयोग तथा अनेक संस्थानों में हिन्दी के प्रति अपर्याप्त व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रमुख चुनौतियां हैं। इनका समाधान केवल हिन्दी दिवस या हिन्दी पखवाड़े के आयोजन से नहीं होगा। हिन्दी को नियमित कार्य-व्यवहार से जोड़ना होगा। उद्योगों में हिन्दी में तकनीकी प्रशिक्षण-सामग्री तैयार की जानी चाहिए, द्विभाषी शब्दावली और निर्देश-पुस्तिकाएं विकसित की जानी चाहिए तथा कर्मचारियों को सरल एवं व्यावहारिक हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। साथ ही, अनुवाद की गुणवत्ता सुधारने और आधुनिक तकनीक का उपयोग करने पर भी बल देना होगा।

**-डा. अशोक गिरि**

# वर्धमान कॉलेज में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई नामांकन प्रक्रिया

## गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ निर्वाचन-2026

**बिजनौर (चिंगारी)।** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ निर्वाचन-2026 के प्रथम चरण के अंतर्गत रविवार को वर्धमान कॉलेज, बिजनौर में नामांकन प्रक्रिया अत्यंत शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। पूर्व में व्यक्त किए जा रहे विभिन्न अनुमानों के विपरीत बड़ी संख्या में शिक्षकों ने निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता की। विभिन्न पदों के लिए कुल 27 शिक्षक प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

अध्यक्ष पद हेतु प्रोफेसर मुकेश कुमार- वर्धमान कॉलेज, बिजनौर, प्रोफेसर ए.पी. सिंह-हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद व प्रोफेसर राकेश कुमार-हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद ने नामांकन पत्र दाखिल किये। महामंत्री पद हेतु 4 प्रत्याशियों प्रोफेसर प्रियांशा सिंह-हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद, प्रोफेसर जितेंद्र कुमार-एस.एम. कॉलेज, चंदौसी, डॉ. जितेंद्र चौधरी- आर.एस.एम. कॉलेज, धामपुर व डॉ. सुरेंद्र सिंह- हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद ने नामजदगी कराई।



उपाध्यक्ष पद हेतु प्रोफेसर ममता रानी- के.जी.के. कॉलेज, मुरादाबाद, डॉ. अनिल कुमार- साहू जैन कॉलेज, मुरादाबाद, मोहम्मद सुलेमान- गुलाब सिंह हिंदू कॉलेज, चांदपुर, डॉ. जूही अग्रवाल-वर्धमान कॉलेज, बिजनौर, मुकेश सिंह-जे.एस.एच. कॉलेज, अमरोहा व डॉ. मोहम्मद साकिब-हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद ने पर्चे भरे।

संयुक्त सचिव पद के लिये राजेश कुमार- एम.जी.एम. कॉलेज, संभल, डॉ. अमिता चौधरी- एन.के.बी.एम.जी. कॉलेज, चंदौसी, डॉ. प्रेमलता कश्यप-गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज, मुरादाबाद, डॉ. नीतू सिंह- डी.ए.के. कॉलेज, मुरादाबाद, डॉ. अर्चना-एस.बी.डी. कॉलेज, धामपुर, डॉ. बौधन सिंह- हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद, डॉ. राजीव कुमार- के.जी.के. कॉलेज, मुरादाबाद ने पर्चे भरे।

इनके अलावा फुपुक्टा प्रतिनिधि के लिये 5 शिक्षकों ने नामांकन पत्र भरे। कोषाध्यक्ष पद हेतु डॉ. अरविंद कुमार गांधी स्मारक महाविद्यालय सुरजननगर व डॉ. सुनीति लता गोकुलदास गर्ल्स कॉलेज मुरादाबाद द्वारा नामजदगी कराई गई।

### आपसी सौहार्द का वातावरण रहा

नामांकन प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक पक्ष आपसी सौहार्द, अनुशासन और शांतिपूर्ण वातावरण रहा। विभिन्न महाविद्यालयों से आए ढाई सौ से अधिक शिक्षक साथियों ने निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पी.के. सिंह, प्रोफेसर राजीव जौहरी, प्रोफेसर पी.पी. विश्वकर्मा, डॉ. ए.पी. सिंह, प्रोफेसर विनोद पांडे तथा फुपुक्टा के जोनल सचिव प्रोफेसर शोराज सिंह ने अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

### वर्धमान कॉलेज की सराहना की

बाहरी महाविद्यालयों से आए शिक्षकों ने वर्धमान कॉलेज, बिजनौर के प्रबंधन तंत्र तथा प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना द्वारा की गई व्यवस्थाओं, महाविद्यालय के रखरखाव, अनुशासन और समग्र वातावरण की सराहना की। साथ ही, वर्धमान कॉलेज शिक्षक संघ द्वारा नामांकन प्रक्रिया को सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए की गई व्यवस्थाओं की भी सभी ने प्रशंसा की।

### शिक्षक संघ अध्यक्ष व सचिव ने आभार व्यक्त किया

वर्धमान कॉलेज, बिजनौर शिक्षक संघ की अध्यक्ष प्रोफेसर शशिप्रभा तथा सचिव डॉ. चारुदत्त आर्य ने सभी शिक्षक साथियों के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक साथियों ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के निर्वाचन में सक्रिय सहभागिता दर्ज कराते हुए वर्धमान कॉलेज, बिजनौर पर विश्वास व्यक्त किया तथा यहां उपस्थित होकर निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने में सहयोग दिया। प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना ने महाविद्यालय में उपस्थित सभी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग, अनुशासन और विश्वास के कारण नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण, गरिमापूर्ण, पारदर्शी एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हो सकी।

# प्राचीन मठ पर प्रसाद चढ़ाने के लिये उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**राजा का ताजपुर (चिंगारी)।** बस स्टैण्ड स्थित बूढ़े बाबा व जाहर दीवान के अति प्राचीन मठ पर दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मान्यता के अनुसार प्रसाद चढ़ाकर अपने परिजनों के लिये मन्नतें मांगीं। इस बार इस स्थान पर लगने वाले परम्परागत मेले का स्थान पायते वाले बाग में हो जाने के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था इस पौराणिक स्थान के प्रति ज्यो की त्यों बनी रही। यहां बस स्टैण्ड पर वर्षो पुराना जाहर दीवान व बूढ़े बाबा का मठ है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु दोयज वाले दिन प्रसाद चढ़ाने पहुंचते हैं। रविवार को प्रातः 5 बजे से देर शाम तक यहां प्रसाद चढ़ता रहा। थले के पुजारी वीरू महाराज ने बताया कि वर्षो से उनका परिवार ही यहां जाहर दीवान व बूढ़े बाबा के मठ की सेवा करते चले आ रहे हैं। पिछले साल तक यहां नवमी मेला भी लगता रहा है। इस बार स्थान की कमी व सुरक्षा के दृष्टिगत ट्रस्ट की ओर से मेला विधिवत परमिसन लेकर पायते वाले बाग में लगवाया गया है। श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर मेले में लगे मनोरंजन के आइटमों का भी आनंद लिया। दोनों ही स्थानों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। नवआगंतुक पुलिस अधीक्षक की सख्ती व मेला स्थान बदलने को लेकर शिकायत के मद्देनजर मेले में डांस पार्टी न चलने के कारण मेले की रौनक फीकी रही।

### प्रसाद विक्रेताओं से उगाही से रोष

**बस स्टैण्ड स्थित जाहर दीवान व बूढ़े बाबा के मठ के आसपास तिल फूल व प्रसाद बेचने वाले ठेली दुकानदारों से मेला ठेकेदार द्वारा जबरन उगाही किये जाने पर प्रसाद विक्रेताओं ने रोष व्यक्त किया। प्रसाद विक्रेता अशोक, रमेश कुमार आदि ने कहा कि ठेका तो पायते वाले बाग में लगने वाले नवमी मेले का हुआ है, लेकिन ठेकेदार ने रोड के किनारे व मठ के आसपास प्रसाद बेचने वालों से भी उगाही की। नगर व्यापार मंडल ने भी ठेकेदार के इस कार्य की निंदा की है।**

# जिला उपाध्यक्ष बने अखिलेश व शाकिर

**किरतपुर (चिंगारी)।** तीन बार के नगर पालिका परिषद किरतपुर के सभासद अखिलेश कुमार जाटव व समाजवादी पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष तथा वरिष्ठ समाज सेवी शाकिर रजा को नगीना क्षेत्र के विधायक मनोज पारस की संस्तुति पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हनी



अखिलेश कुमार



शाकिर रजा

फैसल ने दोनों को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है और दोनों नेताओं से उम्मीद की है कि आने वाले प्रदेश के चुनाव में जनता के बीच जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों का प्रचार करें। कल दोनों पदाधिकारी का नगर में कई जगह पर गर्मजोशी से स्वागत किया।

# लालपुर मान में लगा दोयज मेला

**नांगल सोती (चिंगारी)।** भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को क्षेत्र के ग्राम लालपुर मान उर्फ मानपुर में पुराने समय से दो दिवसीय दोयज मेला लगता है। कल मेले का आगाज़ हुआ। कल दोपहर बाद बार-बार आई बारिश के कारण शुरुआत में तो घंटों तक मेले में कम संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, मगर अपराहन 5 बजे मेले में भारी भीड़ उमड़ने से दुकानदारों के चहरों पर चमक आ गई थी। मेले में क्षेत्र के दो दर्जन से ज्यादा गांवों के श्रद्धालु प्रसाद चढ़ाने एवं



खरीदारी करने पहुंचे। मान्यता है कि बूढ़े बाबा के मंदिर पर प्रसाद चढ़ाने से चर्म रोगों से मुक्ति मिलती है। इस मंदिर पर विशेष रूप से आटे के पूड़ों की भांति बनाये जाने वाले ऊमड़ी - घूमड़ी चढ़ाये जाते हैं। बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य हेतु कान-खोपडी चढ़ाने की भी परम्परा है। आम के बाग में तथा आसपास विशाल मेला लगा, जिसमें सैकड़ों दुकानें लगी हुई थीं। महिलाओं ने सौन्दर्य प्रसाधन और घरों में उपयोग होने वाले सामान की खरीदारी की, बच्चों ने दुकानों से खिलौने आदि खरीदे। श्रद्धालुओं ने जलेबी, चाट-पकौड़ी, चाऊमीन आदि व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठाया। आज उसी स्थान पर गुदड़ी मेला आयोजित हो रहा है।



# अंध समर्थन नहीं, क्षत्रिय हितों के आधार पर होगा राजनीतिक समर्थन

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ धामपुर की बैठक में संगठन की मजबूती एवं सामाजिक मुद्दों पर मंथन



**धामपुर (चिंगारी)।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ, धामपुर की नियमित बैठक दुर्गा पब्लिक स्कूल, धामपुर में संगठन के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन महासचिव धनंजय सिंह ने किया।

बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के साथ-साथ वर्तमान सामाजिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जंतर-मंतर, नई दिल्ली में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के वर्तमान स्वरूप तथा जातिगत आरक्षण व्यवस्था में संशोधन की मांग को लेकर हो रहे प्रदर्शन के प्रति महासंघ ने अपना समर्थन व्यक्त किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ किसी भी राजनीतिक दल का अंध समर्थन नहीं करता। संगठन का समर्थन समाज एवं राष्ट्रहित तथा क्षत्रिय समाज के हितों को ध्यान में रखकर ही किया जाएगा।

वक्ताओं ने कहा कि महासंघ वर्तमान स्वरूप में जातिगत आरक्षण व्यवस्था तथा यूजीसी की वर्तमान व्यवस्था में आवश्यक सुधार एवं संशोधन की मांग करता है। समाज के हितों की उपेक्षा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि जो भी सरकार क्षत्रिय हितों के विपरीत कार्य करेगी, उसके प्रति क्षत्रिय समाज भविष्य में अपने समर्थन पर पुनर्विचार करने के लिए स्वतंत्र होगा। बैठक में संगठन के विस्तार, समाज को एकजुट करने तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया गया। बैठक में डॉ. रविंद्र सिंह, श्याम सिंह चौहान, डॉ. एनपी सिंह, आशीष राजपूत, नागेश्वर दयाल गहलौत, भूपेंद्र सिंह चौहान, कुंवर अनिल राजपूत, धनंजय सिंह, इंजीनियर डीवी सिंह, विजयपाल सिंह, रजवंत राणा, डॉ. नागेंद्र शेखावत, ठाकुर रविकांत, जयवीर सिंह एडवोकेट, प्रीतम सिंह, टीकम सिंह फौजी, अनिल कुमार गहलौत, नरेंद्र जीत, अनाम सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोगों ने भाग लिया।

## ओवन ठीक करने जा रहे युवक की दुर्घटना में मौत, दूसरा घायल

**पैजनिया (चिंगारी)।** क्षेत्र के गांव सोतखेड़ी निवासी बाइक सवार एक युवक की अफजलगढ़ के पास हुई सड़क दुर्घटना में दुःखद मौत हो गई, जबकि गांव का साथी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव सोतखेड़ी निवासी आफताब (27 वर्ष) पुत्र शकील व इकबाल पुत्र जमीरुद्दीन बेकरी के ओवन रिपेयर करने का काम करते थे। आज सुबह करीब छह बजे दोनों युवक अफजलगढ़ क्षेत्र में किसी बेकरी का ओवन रिपेयर करने जा रहे थे। इस दौरान उनकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में ले जाया गया, जहां आफताब को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल इकबाल को उपचार के लिए बिजनौर ले जाया गया, जहां से उसको चिंताजनक हालत में मेरठ ले जाया गया है। मृतक अपने पीछे तीन पुत्रियों व दो पुत्रों को रोता बिलखता छोड़ गया।

# हंगामा लोक समिति ने अनेक गणमान्य नागरिकों को सम्मानित किया



अतिथियों को सम्मानित करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

**धामपुर (चिंगारी)।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति द्वारा एसबीडी महिला महाविद्यालय के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह-2026 में नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. इन्द्रदेव सिंह (पूर्व विधायक), राजू गुप्ता (पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष) श्रीमती रेनू गोयल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में हंगामा लोक समिति द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं नैतिक सैनी प्रथम, पारस सैनी द्वितीय एवं रोहिणी सैनी तृतीय को पुरस्कार तथा अन्य प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर नशा मुक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं सोशल मीडिया जागरूकता पर प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम में डॉ. इंद्रदेव सिंह, राजू गुप्ता, एसपी सलूजा, डॉ. पूनम चौहान, भूपेन्द्र चौहान, दीपेन्द्र सिंह चौहान, शैलेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनिल शर्मा एडवोकेट, अरुण प्रताप सिंह एडवोकेट, कृष्ण गोपाल अग्रवाल एडवोकेट, नवकेतन शर्मा, शिवांश शर्मा, गौरव शर्मा, पुष्पेन्द्र चौहान, प्रीति शर्मा, परमजीत कौर, गरिमा, अर्चना, संदीप शर्मा, पुष्पेन्द्र, श्री गौरी शंकर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अमित रस्तौगी, महामंत्री संजय जैन, कोषाध्यक्ष राहुल गुप्ता उपकोषाध्यक्ष शिवांश शर्मा व ब्राह्मण समाज के संदीप शर्मा, नवयुवक सैनी संगठन के सुशील कुमार, राजेन्द्र सैनी, विपिन सैनी, हनुमंत सेवा समिति के यतेन्द्र शर्मा एडवोकेट, तरुण शर्मा, श्री रामडोल शोभायात्रा समिति के भव्य शर्मा व सतीश शर्मा सन्नी चन्द्रा को स्मृति चिन्ह देकर व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में समिति की अध्यक्ष राखी कौशिक, सचिव उपासना कौशिक, संरक्षक डॉक्टर जितेंद्र कौशिक, श्रीमती निर्मला कौशिक का सराहनीय योगदान रहा।



## 'मुझे अपनी शरण में ले लो मां अंजनी के लाल..'

**धामपुर (चिंगारी)।** नगीना रोड स्थित हिंदू कॉलोनी में शंकर कुमार के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। 'सुन मां अंजनी के लाल मुझे तेरा एक सहारा मुझे अपनी शरण में ले लो मैं बालक हूं दुखियारा' भजन सबको खूब पसंद आया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में शंकर कुमार, ज्योति देवी, प्रीतम कुमार, सुनीता, खुशी कुमारी, उन्नति देवी, कुश कुमार, वंश कुमार, आयुष कुमार, प्रिंस कुमार, अन्नू रानी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के मनोज रस्तोगी, सुनील चौहान, प्रीतम सैनी, राम प्रकाश वर्मा, सर्वेश गिरि आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।

# पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय में वित्तीय अनियमितताओं का आरोप

**प्रभारी अध्यापक को कारण बताओ नोटिस हुआ जारी**

**धामपुर (चिंगारी)।** पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय मिलक जहांगीराबाद में पिछले पांच वर्षों में मिले अनुदान और छात्रवृत्ति एवं विकास कार्यों को लेकर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों ने शिक्षा विभाग में खलबली मचा दी है। तहसील समाधान दिवस में ग्राम पंचायत मिलक जहांगीराबाद निवासी राजेन्द्र पुत्र बलवीर एवं सत्यप्रिया की ओर से दर्ज शिकायत के बाद खंड शिक्षा अधिकारी अल्हैपुर ने विद्यालय के प्रभारी अध्यापक अभिषेक भारद्वाज को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विद्यालय में करीब 10 वर्षों से कार्यरत रहते हुए रखरखाव और विकास कार्यों के लिए प्राप्त अनुदान में फर्जी दस्तावेजों के जरिए धांधली एवं आर्थिक अनियमितता की गई। शिकायतकर्ता ने पिछले पांच वर्षों में प्राप्त सभी अनुदानों और कराए गए विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच की मांग की है। विभाग ने मामले को गंभीर मानते हुए प्रभारी अध्यापक को तीन दिन के भीतर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित स्पष्टीकरण और संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। नोटिस में कंपोजिट ग्रांट, पीएम श्री योजना व अन्य मदों से प्राप्त धनराशि का पूरा विवरण, बिल-बाउचर, स्टॉक रजिस्टर, उपभोग प्रमाण पत्र तथा विद्यालय प्रबंध समिति की बैठकों के कार्यवृत्त मांगे गए हैं। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब और अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए तो एकतरफा विभागीय कार्रवाई की संस्तुति करते हुए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की बैठक में पर्यावरण संरक्षण पर किया विचार



**धामपुर (चिंगारी)।** में वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की मासिक बैठक पंजाबी कॉलोनी स्थित श्री सनातन धर्म सभा शिव मंदिर में आयोजित हुई। बैठक में पौधारोपण, बस एवं रेल सेवा तथा पर्यावरण संरक्षण सहित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। राम अवतार सिंह ने स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवन जीने के तरीके पर, संतोष कुमार और लीलापत सिंह ने सरकड़ा चकराजमल क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर तथा शिवकुमार ने बेहतर जीवन जीने के विषय में अपने विचार साझा किए। हरि सिंह, रामस्वरूप सिंह, राम सिंह, खजान सिंह और सुनील कुमार ने भजन-गीत प्रस्तुत किये। नगर अध्यक्ष विजयपाल सिंह ने बैठक में उपस्थित सदस्यों की संख्या की सराहना की। अंत में जिला अध्यक्ष धर्मेश कुमार ने धर्म के अर्थ को विस्तार से समझाते हुए सभी का मार्गदर्शन किया। बैठक में श्यामलाल, खजान सिंह, चंद्रपाल सिंह, प्रदीप कुमार, वीरेंद्र सिंह, धर्मेश कुमार, संतोष कुमार, डॉ. भागेश सिंह, विजयपाल सिंह, स्वतंत्र कुमार, धर्मपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, राकेश कुमार शर्मा, शेर सिंह, धर्मवीर सिंह, सुनील अग्रवाल, डॉ. राम सिंह सैनी, सुमन, अनिल कश्यप आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धर्मेश कुमार ने की एवं संचालन आचार्य श्यामलाल ने किया।

# बजरंग पटाखा फैक्ट्री से भारी मात्रा में बारूद, कारतूस, सुतली बम बरामद

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र में अवैध रूप से पटाखे एवं विस्फोटक सामग्री तैयार किए जाने की सूचना पर पुलिस, राजस्व विभाग और फायर सर्विस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में संचालित कथित पटाखा फैक्ट्री/गोदाम में छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में कच्चा माल, तैयार पटाखे, कारतूस तथा पटाखा बनाने के उपकरण बरामद किए गए है। कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किये जाने की बात सामने आई है।

हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम चौकपुरी बिजलीघर के पास स्थित बजरंग फायर वर्क्स पटाखा फैक्ट्री पर शुक्रवार की शाम पुलिस ने छापामारी की थी। फैक्ट्री में मानक से अधिक मात्रा में विस्फोटक पदार्थ रखे होने और उससे जनहानि की आशंका संबंधी सूचना मिली। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तहसीलदार सदर बिजनौर, एफएसएसओ तथा फील्ड यूनिट को सूचना देकर मौके पर बुलाया।

संयुक्त टीम द्वारा फैक्ट्री परिसर की तलाशी लेने पर गोदाम में रखे कच्चे माल की जांच की गई। दस्तावेज के अनुसार मौके से 130 किलोग्राम एल्युमिनियम पाउडर, 559 किलोग्राम गंधक तथा 548 किलोग्राम पोटेशियम बरामद किया गया है। इसके अलावा बड़ी मात्रा में तैयार सुतली बम और कारतूस भी पाए गए है। जांच में करीब 39 क्विंटल 59 किलोग्राम तैयार सुतली बम बरामद होने का उल्लेख है। इनमें बड़ी संख्या में कारतूस तथा अन्य तैयार विस्फोटक सामग्री शामिल बताई गई है। पुलिस के अनुसार सुतली बम में से विस्फोटक पदार्थ अलग कर तौला गया तो करीब 1266.88 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ पाया गया, जो निर्धारित मानक से काफी अधिक बताया गया है।

तलाशी के दौरान संयुक्त टीम को कारतूस बनाने से संबंधित सामग्री और उपकरण भी मिले है । दस्तावेज में 315 बोर के 11 अदद कारतूस, 315 बोर के 16 अदद खोखा कारतूस, 315 बोर के दो कारतूस, 32 बोर के कारतूस और 32 बोर के दो खोखा कारतूस बरामद किए गए है। इसके साथ ही कारतूस बनाने के उपकरण, छोटी-बड़ी पेचकस, कटर, पीतल की पत्ती तथा अन्य सामान भी बरामद होने की बात सामने आई है। बरामद सामग्री को फील्ड यूनिट द्वारा अलग-अलग पैकेटों में सुरक्षित कर सील किया गया तथा नमूना मोहर तैयार की गई है।

### इनकी गिरफ्तारी हुई

पुलिस ने मौके से गुफरान अहमद अंसारी पुत्र गुलाम मोहम्मद, निवासी सहदरी कस्बा,थाना नहटौर, जनपद बिजनौर तथा मोहम्मद यूसुफ पुत्र बून्दू हसन निवासी मोहल्ला पीर शहीद काला कस्बा व थाना नहटौर जनपद बिजनौर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में गुफरान ने बताया कि वह और उसका साथी युसुफ मिलकर सुतली बम बनाने का काम करते हैं। पुलिस दस्तावेज में यह भी दर्ज है कि तैयार माल के संबंध में अन्य व्यक्तियों से सामग्री प्राप्त करने की बात पूछताछ में सामने आई।

### गोदाम को सील किया

**कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग और फायर सर्विस की टीम ने फैक्ट्री में मौजूद विस्फोटक सामग्री और लाइसेंस की जांच की। दस्तावेज में बताया गया है कि फैक्ट्री के पास कच्चे माल और तैयार माल रखने के लिए निर्धारित क्षमता थी, जबकि मौके पर उससे कहीं अधिक मात्रा में सामग्री मिली। इसी आधार पर पुलिस ने सुरक्षा मानकों के उल्लंघन और निर्धारित सीमा से अधिक विस्फोटक सामग्री रखने के आरोप में बजरंग फायर वर्क्स पटाखा फैक्ट्री गोदाम को पांच ताले लगाकर सील कर दिया है।**




# श्यामलाल पाल को अपशब्द कहने से धनगर समाज में रोष

**महासंघ ने जयन्त चौधरी को लिखा पत्र, मलूक नागर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोकदल के एक नेता द्वारा धनगर समाज के वरिष्ठ नेता के खिलाफ कथित रूप से अपशब्दों का प्रयोग करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ, उत्तर प्रदेश ने इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी को एक शिकायती पत्र भेजा है। महासंघ का आरोप है कि मलूक नागर द्वारा उनके समाज के पार्टी के वरिष्ठ अध्यक्ष श्याम लाल के बारे में सार्वजनिक रूप से अभद्र और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है, जिससे पूरे धनगर समाज में भारी रोष व्याप्त है। महासंघ के प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि एक वरिष्ठ पार्टी के नेता द्वारा इस प्रकार की भाषा का प्रयोग न केवल निंदनीय है, बल्कि किसी भी समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। पत्र में दो प्रमुख मांगें रखी गई हैं, जिनमें मलूक नागर के खिलाफ पार्टी स्तर पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने तथा भविष्य में किसी भी समाज, धर्म या व्यक्ति के खिलाफ अपशब्दों और आलोचनात्मक भाषा का प्रयोग न करने की कड़ी चेतावनी दी जाए। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि धनगर समाज हमेशा से राष्ट्रीय लोकदल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है, लेकिन समाज के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यदि जल्द ही इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो समाज प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होगा।

# रील बना रहे युवकों से वाहन हटाने को कहना महंगा पड़ा

**पुलिसकर्मियों को मारपीट कर घायल कर दिया**

**कालागढ़ ( चिंगारी )।** कालागढ़ स्थित स्टील ब्रिज पर वाहन खड़ा कर रील बना रहे युवकों को रास्ते से वाहन हटाने के लिए कहना पुलिसकर्मियों को भारी पड़ गया। आरोप है कि युवकों ने पहले पुलिसकर्मियों से कहासुनी की और बाद में उनके साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार कालागढ़ डैम पर तैनात कुछ पुलिसकर्मी रविवार शाम किसी आवश्यक कार्य से बाइक द्वारा कालागढ़ लेने आ रहे थे। इसी दौरान स्टील ब्रिज के बीच कुछ युवक अपना वाहन खड़ा कर रील बना रहे थे। आरोप है कि युवक शराब के नशे में थे और ब्रिज के बीच वाहन खड़ा होने से आवागमन भी प्रभावित हो रहा था। पुलिसकर्मियों ने युवकों से वाहन साइड में लगाने को कहा। पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में होने के कारण युवकों ने उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर युवकों ने पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। मारपीट में पुलिसकर्मियों को चोटें आईं। इसके बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि मारपीट करने वाले युवक कालागढ़ के समीप स्थित एक ग्राम के रहने वाले हैं। घटना के बाद पुलिसकर्मियों ने कालागढ़ थाने पहुंचकर तहरीर दी। थाना अध्यक्ष कालागढ़ संजीव ममगई ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया

**चंदक ( चिंगारी )।** रामपाल सिंह महाविद्यालय, चंदक में हिन्दी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हिन्दी भाषा के महत्व, उसकी समृद्ध साहित्यिक परंपरा तथा भारतीय संस्कृति में उसके योगदान पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंधन समिति की सदस्य डॉ. शिवानी सिंह, प्राचार्या डॉ. रूबी एवं वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती मिनाक्षी राजपूत ने विद्यार्थियों को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि हिन्दी हमारी संस्कृति, भावनाओं और विचारों को अभिव्यक्त करने वाली सशक्त भाषा है। विद्यार्थियों को हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग तथा हिन्दी साहित्य के अध्ययन के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की और हिन्दी भाषा के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना व्यक्त की।हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर महाविद्यालय मे पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रवक्ता डॉ नीलम शर्मा, डॉ रेनू राजपूत, मोनिका सैनी, प्रिया मलिक, आयुषी चौधरी, आकांक्षा, दीपक कुमार, गौरव राठी, शुभम कुमार, ऋषभ राठी, मनोज कुमार, निधि आदि स्टॉफ मौजूद रहा।

# दो दिन से पिंजरे वाले स्थान के आसपास चक्कर काट रही मादा गुलदार

**परमावाला में शुक्रवार रात नर गुलदार के पिंजरे में कैद होने के बाद अब मादा गुलदार की मौजूदगी से बढ़ी चिंता**

**हरेवली ( चिंगारी )। निकटवर्ती ग्राम परमावाला में गुलदार की लगातार मौजूदगी से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। शुक्रवार की रात्रि पिंजरे में एक नर गुलदार के कैद होने के बाद अब पिछले दो दिनों से एक मादा गुलदार एक अन्य गुलदार के साथ उसी स्थान के आसपास लगातार चक्कर काट रही है, जहां वन विभाग द्वारा पिंजरा लगाया गया था।** ग्रामीणों के अनुसार मादा गुलदार को बार-बार पिंजरे वाले स्थान के आसपास घूमते हुए देखा जा रहा है। इससे ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। ग्रामीणों को आशंका है कि यदि मादा गुलदार लगातार गांव के आसपास घूमती रही तो वह कभी भी हमलावर हो सकती है। खासकर खेतों में काम करने वाले किसानों और ग्रामीणों को लेकर चिंता बढ़ गई है।

ग्राम निवासी डॉ. होराम सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन सैनी, अनिल कुमार तथा नरेश कुमार ने बताया कि पिछले दो दिनों से मादा गुलदार एक अन्य गुलदार के साथ पिंजरे वाले स्थान के आसपास चक्कर काट रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में गुलदारों की लगातार आवाजाही के कारण लोगों का खेतों और गांव के बाहरी हिस्सों में अकेले जाना मुश्किल हो गया है।

# आज के दौर में हिन्दी



-प्रो. शशिप्रभा
विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग
वर्धमान कॉलेज, बिजनौर

भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक चेतना और बौद्धिक अभिव्यक्ति का आधार भी होती है। हिन्दी भाषा इस दृष्टि से एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। वैश्वीकरण और संचार क्रांति ने हिन्दी को राष्ट्रीय सीमाओं से बाहर निकालकर अन्तर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। आर्थिक सांस्कृतिक सामाजिक और शैक्षणिक संबंधों के माध्यम से हिन्दी का संपर्क विश्व के विभिन्न समाजों से बढ़ा है। डिजिटल युग ने हिन्दी को और अधिक गतिशील बना दिया। इंटरनेट, सोशल मीडिया एवं ऑनलाइन शिक्षा प्लेट फार्म ने भाषा की भौगोलिक सीमाएं लगभग समाप्त कर दी हैं। आधुनिक विश्व बहुभाषिता को स्वीकार कर रहा है। इस बहुभषिकता विश्व में हिन्दी ने अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। हिन्दी विश्व में बोली जाने वाली भाषाओं में तीसरे स्थान पर है। मंदारिनी (चीनी) और अंग्रेजी के बाद तीसरी बड़ी भाषा है। 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने हिन्दी को राजभाषा घोषित किया, तभी से 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है। हिन्दी की शक्ति का अंदाजा तो इसी बात से लगाया जा सकता है कि कोई भी मल्टीनेशनल कम्पनी यदि भारत में अपनी जड़ें जमाना चाहती है और अपना माल बेचना चाहती है तो वह विज्ञापन हिन्दी में बनवायेगी, उसकी अपनी भाषा चाहे अंग्रेजी हो, फ्रैंच हो या फिर कोई और। जैसे ठंडा-ठंडा कूल-कूल मतलब कोकाकोला। भारत में अपने आपको बनाये रखना है, तो आप हिन्दी से बचकर नहीं निकल सकते। कहने का अभिप्राय: यह है कि भारत का उपभोक्ता समाज अधिकांशत हिन्दी भाषी है। आज वैश्वीकरण का पहला और प्रधान अर्थ है दुनिया की राजनीति को अर्थतंत्र और बाजार की जरूरतों के हिसाब से संचालित करने की परियोजना। आज के युग की प्रथम चुनौती है कि हिन्दी हृदय की अभिव्यक्ति के साथ मस्तिष्क की जटिलताओं की तथा उन जटिलताओं से उद्भुत विज्ञान और तकनीक की संवाहिका बने। खुशी की बात है कि हिंदी ने इस क्षेत्र में भी अपना परचम लहराना शुरू कर दिया है। संचार माध्यमों की भाषा के रूप में हिंदी की प्रगति देखने लायक है। आज टीवी पर हिंदी के सबसे ज्यादा चैनल हैं। बीबीसी तो अपना वैज्ञानिक कार्यक्रम डिस्कवरी तक हिंदी में प्रसारित कर रही है। सिनेमा, वेब सीरीज और अनेक टीवी कार्यक्रम ऐसे हैं, जो भारत में ही नहीं अनेक देशों में देखे जाते हैं। हिंदी जानने और समझने वालों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। अंत में मैं बस यही कहना चाहूंगी कि संचार क्रांति के इस युग में हिंदी निरंतर नये-नये शब्दों को ग्रहण करते हुए आगे बढ़ रही है और यही हिंदी की शक्ति है कि वह अन्य भाषाओं के शब्दों को इस प्रकार अपना लेती है कि कुछ समय बाद लगता ही नहीं है कि ये शब्द हिंदी के नहीं हैं। जैसे जब हम कहते हैं सुबह हो गई या सब्जी लेनी है तो क्या हमारे जेहन में कभी यह भी आता है कि सुबह और सब्जी हिंदी के अपने शब्द तो हैं ही नहीं ये तो अरबी भाषा के शब्द हैं। आज जो लोग हिंदी में आने वाले नये-नये शब्दों पर आपत्ति करते हैं और उनके लिये भारी भरकम शब्दों का निर्माण करते हैं तो वे हिंदी का या हिंदी वालों का कोई भला नहीं कर रहे होते हैं, बल्कि उसका नुकसान ही करते हैं। हिंदी की तो सबसे बड़ी ताकत है उसकी समाहार शक्ति और जब तक हिंदी की ये प्रकृति है हिंदी निरंतर आगे बढ़ती ही जायेगी। गंगा में न जाने कितनी नदियां आकर मिलती हैं और सब गंगा बन जाती हैं। हिंदी में भी जो शब्द अन्य भाषा से आयेगा वह हिंदी का ही हो जायेगा।



# हिंदी दिवस की सार्थकता




-मिथलेश कुमारी
प्रवक्ता कन्या इंटर कॉलेज, धामपुर

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि हमारा देश 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र हुआ था। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा के द्वारा एक मत से यह निर्णय लिया गया कि देवनागरी लिपि में लिखी गई हिंदी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया था। इसके पश्चात राजभाषा अधिनियम 1963 के द्वारा संसद में यह पारित किया गया कि हिंदी को राजकाज की भाषा का दर्जा दिया जाए जिसके अंतर्गत देवनागरी लिपि के माध्यम से हिंदी को संघ की भाषा का दर्जा दिया गया तथा सभी सरकारी कार्य करने में अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी भाषा को भी प्राथमिकता दी गई है। भारत में 14 सितंबर आते ही हम सभी को हिंदी दिवस की याद सताने लगती है, इससे पहले बीते दिनों में हम अंग्रेजों की अंग्रेजी भाषा में हम जकड़े हुए रहते हैं। यदपि 14 सितंबर को हम हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं और इसलिए इस दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों, दफ्तरों अनेक संस्थानों में। निबंध, लेखन, भाषण, कविता पाठ, दोहे, चौपाई, कवि सम्मेलन आदि अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। दुर्भाग्य वश उसके बाद हिंदी प्रेम विलुप्त हो जाता है। आखिर ऐसा क्यों होता है? पता नहीं रहता इसको अपनी पहचान कहें या मातृ भाषा या राजभाषा इसको उन्नत व सम्रद्ध रखने के लिए एक दिवस की नई, बल्कि प्रतिदिन निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। गलती हमारे बचपन से ही प्रारंभ हो जाती है। हिंदी व अन्य भाषाओं का दौर हमारे स्कूली शिक्षा और पारिवारिक शिक्षा में अंतर पैदा कर देता है। घर-परिवार और अपने आसपास के वातावरण में देशज शब्दों का जैसे अवधी भोजपुरी, गढ़वाली, राजस्थानी, बुंदेली आदि भाषाओं का मिश्रण सुना जाता है, वहीं स्कूली शिक्षण संस्थायें बहुदा अंग्रेजी शिक्षा पर विशेष बल देती हैं। प्राय: उच्च शिक्षण संस्थानों में जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, वैज्ञानिक शिक्षा का माध्यम, अंग्रेजी माध्यम ही होता है, जिसका असर अक्सर ग्रामीण परिवेश में पहले बढ़े बच्चों पर दिखाई देता है। उच्च योग्यता के बावजूद भाषा के अंतर के कारण मुकाबला नहीं कर पाते हैं और उन्हें उच्च शिक्षा से ही वंचित होना पड़ता है, जबकि प्राय अन्य देशों जैसे चीन, जापान, रूस, अमेरिका इत्यादि में अपने देश की भाषा में ही निम्न स्तर से लेकर उच्च शैक्षणिक स्तर पर शिक्षा दी जाती है, जिसके कारण उन छात्राओं को ऐसी विषम परिस्थितियों का सामना नहीं करना पड़ता। ऐसे उदाहरण से प्रेरणा लेकर हमारे देश की सरकारों को भी हिंदी भाषी देश होने के कारण उच्च शैक्षणिक संस्थानों में हिंदी माध्यम की शिक्षण प्रणाली लागू की जाए। बीच-बीच में यह भी ख़बर सुनने को मिलती है कि हिंदी माध्यम से पढ़ने वाले छात्र अंग्रेजी माध्यम की शिक्षण प्रणाली के कारण हतोत्साहित होते रहेंगे है। जिस कारण कभी-कभी वह आत्मघाती कदम भी उठाते हैं और सुनने को मिलता है कि उक्त विश्वविद्यालय के छात्र ने आत्महत्या कर ली है। उच्च शैक्षणिक संस्थानों अंग्रेजी माहौल के कारण छात्रों को कदम-कदम पर अपमान व भेदभाव का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण परिवेश से आने वाले छात्रों द्वारा जब बीटेक आदि में दाखिला लिया जाता है तो हिंदी माध्यम के छात्र होने के कारण अंग्रेजी माध्यम के छात्रों से प्रतियोगिता नहीं कर पाते हैं जिसके कारण उनमें हीनता का भाव आता है और वह ऐसे आत्मघाती कदम उठ जाते हैं, क्योंकि उनकी रोजमर्रा की जीवनशैली में हिंदी की अपनी अमित छाप होती है। इसलिए हिंदी भाषा को हिंदी दिवस केवल नारे सम्मेलन, बैनर उत्सव प्रतियोगिताओं की भाषा न बनाया जाए, बल्कि अपने हिंदुस्तान की हिंदी भाषा बनाया जाए ताकि ग्रामीण परिवेश के बच्चे भी भारत के विकास में अपना योगदान दे सकें।




# एक चुप, सौ सुख

-जितेन्द्र जीतू



## अमिताभ सर की हिंदी

केबीसी यानी कौन बनेगा करोड़पति पिछले दो-ढाई दशकों से चल रहा है। मैंने शुरू के कुछ एपिसोड्स देखे थे, फिर अमिताभ द्वारा प्रतियोगियों से सवाल पूछने की यह शैली कि इतने रुपये पहले तो कभी देखे नहीं होंगे आपने सुनकर मुझे बुरा लगता था और मैंने यह कार्यक्रम देखना छोड़ दिया। अब जाकर इस साल मैंने इसे दोबारा देखना शुरू किया तो मुझे कुछ अनुभव हुए। कार्यक्रम सवालों और उनके जवाबों पर केंद्रित है। लेकिन सिर्फ़ सवालों और जवाबों से दर्शक वर्ग इस कार्यक्रम को देखने के लिए इससे जुड़ा रहेगा, इस बात पर शायद इसके आयोजकों को भी यकीन नहीं था। इसलिए इसमें फीलिंग्स यानी संवेदनाओं का तड़का लगाया गया। मैं जब इस कार्यक्रम को देख रहा हूँ तो इसे तड़के के साथ ही देख रहा हूँ। कार्यक्रम में अधिकांश प्रतिभागी कमज़ोर आर्थिक स्थिति से आते हैं। उन सबकी एक स्टोरी होती है जिसे सुनकर मन द्रवित हो जाता है। हालांकि कभी-कभी मन में यह विचार भी आता है कि कहीं दर्शकों को भिगोना भी आयोजकों का एक लक्ष्य तो नहीं? लेकिन लक्ष्य हो भी तो क्या कहिएगा! कार्यक्रम में सवाल- जवाब हैं, पुरस्कार हैं, धन है, अलग-अलग प्रतिभागियों की अलग-अलग कहानियां हैं, संवेदनाएं हैं, अब बीच-बीच में परिस्थितियों से जुड़े फिल्मी गीत भी डाले जा रहे हैं और सबसे बड़ी बात कार्यक्रम में अमिताभ बच्चन हैं, उनकी हिंदी है, उनके द्वारा बारम्बार बोली जा रहीं बधाई और शुभकामनाएं हैं।

मैंने अपने बेटे से कहा कि अनेक वर्षों बाद देख रहा हूं इस कार्यक्रम को। जब शुरू में देखता था तो इसमें प्रतिभागी के तौर पर जाने का मन करता था। अब सोचता हूँ क्या फिर से प्रयास करूँ?

कोई फ़ायदा नहीं, पापा। आपकी कहानी ऐसी नहीं कि वे लोग आपका चुनाव कर लें अपने प्रोग्राम के लिए और आपको बुला लें। आप तो अमिताभ सर को ऐसे ही घर बैठे देखते रहें और उनकी प्यारी हिंदी सुनकर मस्त रहें। उसने उत्तर दिया।

कैसे मस्त रहा जाए! आपके अमिताभ सर तो हर बात पर प्रतिभागी को बधाई दे देते हैं। बधाई और शुभकामनाओं में अंतर होता है। हिंदी दिवस पर उन्हें इस अंतर को पहचानना होगा। मैं कहना चाहता हूँ पर अंतत: चुप्पी लगा जाता हूँ।

# पंडित गौरीदत्त द्वारा तैयार हिन्दी का प्रथम प्रकाशित शब्द कोष - गौरी नागरी कोष

-डॉ.अनिल शर्मा 'अनिल'



पंडित गौरी दत्त जी का हिन्दी के प्रति अनुराग और समर्पण भाव रंग लाया था, जब 18 अप्रैल, सन् 1900 को सरकार ने रिजोल्यूशन पास किया, जिसमें देश के कार्यालयों में नागरी प्रचार के लिए न केवल आदेश दिया, बल्कि इसी तारीख के गवर्नमेन्ट गजट में इसे प्रकाशित भी कर दिया।

अपने द्वारा लिखित सृजित और संपादित हिन्दी के प्रथम शब्द कोष की भूमिका में पंडित जी ने स्वयं लिखा है कि -

इस देश के सर्वसाधारण में प्राईमरी शिक्षा फैलने के लिये दो बातों ने रोक लगा रखी है। एक सरकारी दफ्तरों में नागरी अक्षरों का जारी न होना, दूसरा हिन्दी भाषा में कोष का अभाव अर्थात् हिन्दी डिक्शनरी की कमी। पहला काम गवर्नमेंट के आधीन है (बस वह हो गया) दूसरे काम के लिये मैंने अपने सहकारियों और देशोपकारी विद्वानों से पुकार की और रौल मचाई चारों तरफ से वह ही आवाज आई। सब एक मुंह हो गए कि इस काम का बोझ में अपने सिर पर उठाऊं और इसको पूरा करके दिखलाऊं (यह वह बात हुई कि जो बोले सो तोले)।



इस तरह पंडित जी ने शब्दकोष के निर्माण का बीड़ा उठा लिया। इस पर काम तो पंडित जी पहले से ही कर रहे थे। अब उसे व्यवस्थित कर प्रकाशन की तैयारी शुरू कर दी गयी। पंडित गौरी दत्त ने हिन्दी के प्रथम शब्द कोष का निर्माण किया और इसके प्रथम संस्करण की 1000 प्रतियां प्रकाशित हुईं। यह बहुत श्रमसाध्य और खर्चीला कार्य था। जिसमें कुल 5 साल का समय और चार हजार रुपए लगे। पंडित जी का अनमोल श्रम तो इसके मूल में था ही।

गौरी नागरी कोष के आरंभ में ही एक पृष्ठ पर पंडित जी के चित्र सहित प्रकाशित इन सूचनात्मक पंक्तियों से पता चलता है कि उनके मन में हिन्दी सेवा के प्रति कितने संकल्पित पवित्र भाव थे -

इसमें कुछ संदेह नहीं कि आज तक ऐसा कोष नहीं बना, नहीं छपा आगे की भगवान जाने। बड़े भारी परिश्रम और विद्वान मित्रों की सहायता से पांच वर्ष में तैयार हुआ। इसकी तैयारी और छपाई आदि में चार हजार रुपए खर्च हुए। इसी सबब से एक प्रति के दाम 5 रुपए हो गए। दस प्रति एक बार मोल लेने वाले को 25 रुपए सैकड़ा कमीशन दिया जाएगा। इससे इस में कुछ लाभ नहीं हुआ। बस निश्चय करके जान लो कि यह काम देश के सुधार, विद्या के प्रचार के लिए किया गया है।

आज हिन्दी जिस शिखर पर है, वहां तक की यात्रा में पंडित गौरीदत्त का अनमोल योगदान है।

इस शब्दकोश में 560 से अधिक पृष्ठ रहे। जिनमें से पृष्ठ 9 से 526 तक दस हजार से अधिक (लगभग साढ़े दस हजार) शब्दों के अर्थ दिये गये हैं। हिन्दी और उर्दू शब्दों का अर्थ नागरी और अंग्रेजी में प्रस्तुत करने वाले गौरी नागरी कोष के पृष्ठ 526 पर पंडित जी ने काव्यात्मक पंक्तियों में **अपने मनोभावों को अभिव्यक्त किया है -**

**यह कोष कोषों में कषों का सार।**
**बड़ी भारी मेहनत से हुआ तैयार।।**
**विद्वान पुरुषों का है यह विचार।**
**शब्दार्थ रत्नों की है यह बहार।।**
**सच्चे हैं मोती कि जिनका यह हार।**
**लो एक माला यह धन बेशुमार।।**
**मुझे भूल जाएंगे मरने पै यार।**
**मेरी भी रहेगी ये ही यादगार।।**

गौरीदत्त- मेरठ

इस शब्दकोष का प्रकाशन सन् 1901 में, द ऑफिसियल मशीन प्रिंटिंग प्रेस से हुआ।

पंडित गौरीदत्त को हिन्दी जगत कभी विस्मृत नहीं कर पाएगा। उनका योगदान और कार्य सदैव हिन्दी जगत के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगे।

संपर्क- 9719064630


धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट ( दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद )
कोई भी Knee Cap ( घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी )

कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

गोयल मेडिकल स्टोर
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।


# हिन्दी दिवस भाषाई एकता का प्रतीक

आज हम राष्ट्रीय हिंदी दिवस मना रहे हैं। आज आवश्यकता केवल हिंदी दिवस मनाने, भाषण देने और हिंदी सप्ताह आयोजित करने की नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं का वास्तविक उपयोग शासन, शिक्षा, न्याय और तकनीक में बढ़े। हिंदी दिवस का वास्तविक अर्थ तभी सार्थक होगा, जब हिंदी केवल समारोहों और सरकारी विज्ञप्तियों की भाषा न रहकर आम नागरिक के शासन, शिक्षा, न्याय और रोजमर्रा के जीवन में सहज रूप से दिखाई दे। स्वतन्त्रता के पश्चात 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को देवनागरी लिपि में देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। स्वतंत्रता के बाद देश को एक सूत्र में बांधने के लिए एक आधिकारिक भाषा की जरूरत थी, जिसके तहत हिंदी को यह महत्वपूर्ण दर्जा दिया गया। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के अंतर्गत संघ की राजभाषा हिंदी और उसकी लिपि देवनागरी तय की गई। इस ऐतिहासिक दिन की याद में वर्ष 1953 से देश भर में 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। उ.प्र.राज्य शिक्षक एवं शिक्षाविद पं.राधेश्याम शर्मा ने बताया कि यह दिन हमारी भाषाई एकता, संस्कृति और मातृभाषा के प्रति सम्मान प्रकट करने का है। भारत की सांस्कृतिक चेतना में हिंदी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। देश के विभिन्न हिस्सों को जोड़ने वाली संपर्क और अभिव्यक्ति की भाषा के रूप में हिंदी का व्यापक विस्तार हुआ है। हिंदी के पक्ष में खड़े होने का अर्थ अंग्रेजी का विरोध करना नहीं है। वास्तविक प्रश्न यह है कि शासन और जनता के बीच भाषा की दूरी कितनी कम की जा सकती है। यदि सरकारी आदेश, प्रशासनिक प्रक्रियाएं, प्रतियोगी परीक्षाएं, उच्च शिक्षा और न्यायिक व्यवस्था ऐसी भाषा में संचालित हों, जिसे आम नागरिक सहजता से समझ सके, तो लोकतंत्र की भागीदारी और मजबूत हो सकती है।

-पं.राधेश्याम शर्मा
मुरादाबाद

# मेरी पहचान है हिंदी....

कहीं मीरा, कहीं तुलसी,कहीं रसखान है हिंदी ।।
जिसे अरबी में पढ़ते थे वो अब कुरआन है हिंदी
मैं उर्दू का सिपाही हूं मुझे इंग्लिश भी प्यारी है ।।
मगर सच बात ये है कि मेरी पहचान है हिंदी ।।।।
मराठी हो कि गुजराती, हो कन्नड़ या कि फिर बंगला
सभी भाषाएं प्यारी हैं, सभी की शान है हिंदी ।।।।
इसे बोलूं ,इसे लिखूं, इसी की बात करता हूं ।।।
बड़ी सीधी सरल है ये, बड़ी आसान है हिंदी ।।।।
कबीर और सूर ने इसकी हमेशा लाज रख्खी है।।।
ग़ज़ल दानिश भी छेड़े अब ये ही अरमान है हिंदी!!



-डा. अतीक 'दानिश'
7906141418


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3
कालागढ़

निविदा सूचना संख्या- 44 /ई.ई./के.भ.ख.-3/2026-27

पत्रांक : 2239/के.भ.ख.-3/निविदा दिनांक : 08/09/2026

महामहिम राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद पृथक-पृथक निविदाएं उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 25-09-2026 को अपराह्न 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है । प्राप्त निविदाएं दिनांक 25-09-2026 को प्रमुख अभियन्ता (सज्जा एवं सामग्री प्रबंध), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ.प्र., लखनऊ द्वारा गठित समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपराह्न 2:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ़ के कार्यालय में खोली जायेंगी । निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति होने पर निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में यह निविदा अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर खोली जायेंगी। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनाँक 17-09-2026 पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनाँक 24-09-2026 अपराह्न 4:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि, एन.एस.सी./राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3 के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी ।

| क्र.स. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख रू. में) | धरोहर राशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बक्सर हेड एवं क्रॉस रेगुलेटर के शेड स्ट्रेक्चर एवं रेलिंग पर पेंटिग का कार्य। | 7.05 | 14,100.00 | 180 दिवस | 225.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | 'ए' श्रेणी यॉंत्रिक/विद्युत सिंचाई विभाग |
| 2 | बक्सर हेड एवं क्रॉस रेगुलेटर के चेकर्ड प्लेट पर ब्लैक बिटुमिनस पेंटिग का कार्य। | 4.39 | 8,800.00 | 180 दिवस | 150.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | 'ए' श्रेणी यॉंत्रिक/विद्युत सिंचाई विभाग |
| 3 | बक्सर रेगुलेटर के डक्ट गेट संख्या 01-07 पर इपोक्सी पेंटिग का कार्य। | 4.54 | 9,100.00 | 180 दिवस | 150.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | 'ए' श्रेणी यॉंत्रिक/विद्युत सिंचाई विभाग |
| 4 | बक्सर रेगुलेटर के अपस्ट्रीम गेट संख्या 01-07 इपोक्सी पेंटिग का कार्य। | 6.02 | 12,100.00 | 180 दिवस | 225.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | 'ए' श्रेणी यॉंत्रिक/विद्युत सिंचाई विभाग |
| 5 | बक्सर रेगुलेटर के डाउनस्ट्रीम गेट संख्या 08-14 इपोक्सी पेंटिग का कार्य। | 3.75 | 7,500.00 | 180 दिवस | 150.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | 'ए' श्रेणी यॉंत्रिक/विद्युत सिंचाई विभाग |
| 6 | रामगंगा बैराज हरेवली हैड रेगुलेटर के गेटों पर सैंड ब्लासटिंग उपरान्त एपोक्सी पैंटिंग का कार्य । | 5.55 | 11,200.00 | 180 दिवस | 225.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | 'ए' श्रेणी यॉंत्रिक/विद्युत सिंचाई विभाग |

यह निविदा सूचना वैबसाइट http://upgov.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वैबसाइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है । निविदा प्रपत्र इच्छुक ठेकेदार अथवा फर्म) ठेकेदार द्वारा/1 ,पत्र-पंजीकरण प्रमाण ((2) जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण) पत्र-I.D.T.-1),(3) हैसियत प्रमाण पत्र )I.D.T.-2),(4) स्वघोषणा प्रमाण-) पत्रI.D.T.-3),(5) जीपत्र की छायाप्रति एवं-रजिस्ट्रेशन प्रमाण .टी.एस. फर्मठेकेदार द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को / केन्द्रीय ,अधिशासी अभियन्ता ,पत्र जिसमें प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमाणित किया हुआ हो-फोटोयुक्त अधिकार -भण्डार खण्ड3 कालागढ़ के कार्यालय में निर्धारित अवधि में उपरोक्त शुल्क सहित जमा करने ,के उपरान्त प्राप्त किये जा सकते हैं । निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता-केन्द्रीय भण्डार खण्ड ,3 , कालागढ़ के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है ।

R.O.No. 256045 Date: 11-09-2026
UPID.www.upgov.nic.in

(मनोज कुमार गौड़)
अधिशासी अभियन्ता
केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3,कालागढ21

# बच्चे को एप्पल का मोबाइल फोन दिलाने का लालच देकर जेवर ठगने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आवास विकास कॉलोनी निवासी महिला के नाबालिग बेटे को एप्पल का मोबाइल फोन और रुपये देने का लालच देकर घर से सोने-चांदी के जेवर मंगवाने के मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से जेवर, एप्पल का मोबाइल फोन और जेवर बेचकर खरीदी गई स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, गोविंदपुरम आवास विकास कॉलोनी निवासी कुसुम पत्नी स्व. राकेश ने 12 सितंबर को थाने में तहरीर दी थी, जिसमें उन्होंने बताया कि मोहल्ला मिर्दगान निवासी अफसाना और नाजिया ने उसके नाबालिग बेटे को बहला-फुसलाकर एप्पल मोबाइल फोन, रुपये और जरूरत का सामान देने का लालच दिया। इसके बाद नाबालिग ने घर में रखे सोने-चांदी के जेवर उन्हें दे दिये। पुलिस पूछताछ में नाजिया ने बताया कि उसका बेटा कुसुम के बेटे का दोस्त है और दोनों का एक-दूसरे के घर आना-जाना था। करीब डेढ़ माह पहले उसके और उसकी मां अफसाना के कहने पर नाबालिग सोने-चांदी के जेवर घर से लाकर उन्हें दे गया था। दोनों महिलाएं बरामद जेवरों को बेचने के लिए मुरादाबाद जा रही थीं।

पुलिस ने महिलाओं के कब्जे से दो डिजाइनदार चूड़ियां, एक चूड़ी, एक अंगूठी, दो नोजपिन, एक कान की बाली, नेकलेस, मंगलसूत्र, एक जोड़ी घुंघरूदार पाजेब, कमरबंद, एक जोड़ी पायल, चार लटकन और तीन लटकन वाला टीका बरामद किया। इसके अलावा एप्पल मोबाइल फोन और स्पलेंडर प्लस मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। शहर कोतवाल अवनीत मान ने बताया कि गिरफ्तार अफसाना और नाजिया के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## जेवर बेचकर खरीद ली थी स्पलेंडर

**पुलिस के अनुसार, महिलाओं ने कुछ जेवर चलते-फिरते किसी अज्ञात व्यक्ति को बेच दिए थे। जेवर बेचकर मिले रुपयों से करीब 15 दिन पहले स्पलेंडर प्लस बाइक खरीदी गई थी। पुलिस ने बाइक भी बरामद कर ली है। वहीं नाबालिग को देने के लिए खरीदा गया एप्पल मोबाइल भी पुलिस के हाथ लगा है।**




# गणेश जी की मूर्ति स्थापित की

**नहटौर ( चिंगारी )।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणपति जी की प्रतिमा श्री हाथी वाला मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापित कराई गयी। श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा की पूजा अर्चना कर सुख शांति समृद्धि की कामना की। सोमवार को श्री हाथी वाला मंदिर में आयोजित गणपति महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को मुख्य यजमान सभासद मुकेश गुप्ता सराफ़ा व उनकी पत्नी पायल गुप्ता रही। बाबा मलंग दास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं द्वारा गणपति बप्पा की विशेष पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर नवीन अग्रवाल, रतन सैनी,पवन कुमार, अर्पित गुप्ता, सुशांत गोयल, संतोष, कुमार गुप्ता, निशु त्यागी, मोहित अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अनुराग कुमार आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अवैध पिस्टल के साथ पकड़ा गया युवक



## आरोपी पर पहले से दर्ज हैं तीन मुकदमे

**स्योहारा ( चिंगारी )।** रविवार को एक युवक को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार लिया गया। युवक के पास से 32 बोर की अवैध पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

पुलिस ने पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहल्ला मिल्कियान निवासी उमैर पुत्र जकीरुद्दीन के रूप में की है। बरामदगी के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके हथियार रखने के मकसद और नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस के अनुसार उमैर का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ धामपुर और स्योहारा थाने में पहले से मुकदमे दर्ज हैं। इनमें आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराएं शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष संजय तोमर ने बताया कि आरोपित उमैर को हिरासत में लेकर न्यायलय के समक्ष पेश किया है।

# कफ़ील सैफ़ी बने भाकियू के नूरपुर अध्यक्ष

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने नूरपुर के मोहल्ला हज़रत नगर निवासी कफ़ील अहमद सैफ़ी को यूनियन का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। कफ़ील सैफ़ी के पुन: यूनियन का नगर अध्यक्ष मनोनीत होने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। अपने मनोनयन पर कफ़ील सैफ़ी ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है उसका वह पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। इस अवसर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह, जिला संगठन मंत्री मास्टर देवेन्द्र सिंह, लोकेश चौधरी, ब्लॉक उपाध्यक्ष मौहम्मद शमशेर, ब्लॉक मीडिया प्रभारी डॉ. शमीम अंसारी आदि उपस्थित रहे।

## हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर 'सबरंग' द्वारा काव्य गोष्ठी आयोजित

# ..आओ हम प्रतिदिन हिंदी दिवस मनायें

**बिजनौर ( चिंगारी )।** हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर जिले की प्रमुख साहित्यिक संस्था 'सबरंग' के तत्वावधान में स्थानीय जैन धर्मशाला में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्राचार्य सुरेश शर्मा ने की, जबकि वरिष्ठ कवि अशोक निर्दोष विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ओपी परमार द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके बाद दीप अंजुम के संचालन में उपस्थित कवियों ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी भाषा की महत्ता, समाज, संस्कृति और जीवन से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपनी सुंदर रचनाओं का काव्यपाठ किया। राजीव कुमार शर्मा ने कहा- एक दिन सप्ताह या पखवाड़ा ही क्यों, आओ हम प्रतिदिन हिंदी दिवस मनाएं।




कवि के.के. पाठक जी ने कहा- कोई अवधी कहता कोई सिन्धी है/ मेरे पुरखों की बोली ये हिन्दी है। डॉ. अशोक शर्मा ने- हिंदी प्यारी भाषा सबसे न्यारी है / जन-गण-मन उन्नायक, शान हमारी है। सुनाकर वाहवाही लूटी। सुमन चौधरी सुमन ने कुछ इस तरह कहा-भारत माता के भाल की बिंदी/मुझको लागे प्यारी हिंदी। ओमप्रकाश परमार ने कहा- भारत का रूप अखंड हिंदी ने तराशा है/जिये हिंदी हिंदुस्तान यही अभिलाषा है। विशिष्ट अतिथि अशोक निर्दोष ने- मेरे साहित्यिक जीवन में संगी बनकर, साहित्यकाश का इंद्रधनुष बहुरंगी बनकर, हिंदी तुम आई रचना पढ़ी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुरेशचंद शर्मा ने कहा- बापू तेरे प्यारे भारत देश में, हर कोई घूम रहा है अंग्रेजों के वेश में। इन सबके अतिरिक्त मनोरंजन शर्मा, आरिफ गांधी, डां अनिल चौधरी, सतेन्द्र शर्मा अंगरिस, हुक्का बिजनौरी और दीप अंजुम ने भी काव्यपाठ किया। अंत में संस्था संयोजक हुक्का बिजनौरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सुमित सिंघल चुने गये सर्राफा बाजार संघ के अध्यक्ष



सुमित सिंघल का स्वागत करते हुए विजय सागर वर्मा।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सर्राफा बाजार संघ बिजनौर की बैठक में सर्वसम्मति से सुमित सिंघल ( परमात्मा ज्वैलर्स ) को संगठन का अध्यक्ष चुना गया। इनके अलावा जंगबहादुर वर्मा को महामंत्री तथा विजयंत राज अग्रवाल को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। बैठक में विजय खन्ना, विजय सागर वर्मा, अखिल अग्रवाल, विपिन वर्मा, अरविन्द अग्रवाल, जंगबहादुर वर्मा, दिलीप रस्तौगी, शानू रस्तौगी, श्रीश खन्ना आदि मौजूद रहे।

## जैन समाज बिजनौर की नई कार्यकारिणी का गठन

**नितिन जैन अध्यक्ष, राजीव जैन मंत्री बने**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** श्री दिगम्बर जैन समाज बिजनौर की एक आवश्यक बैठक शंभा बाजार स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित हुई, जिसमें समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में पूर्व अध्यक्ष रहे अशोक कुमार जैन भट्टे वालों ने अध्यक्ष पद के लिए नितिन कुमार जैन (वर्धमान मेडिकल स्टोर) का नाम प्रस्तावित किया, जिसका वर्धमान कालेज के पूर्व प्राचार्य डा. एससी जैन ने अनुमोदन किया, जिस पर उन्हें अध्यक्ष घोषित किया गया। इसके उपरांत सर्वसम्मति से राजेश जैन को उपाध्यक्ष, राजीव जैन (लोहे वाले) को मंत्री, अनिल कुमार जैन एडवोकेट को आडिटर चुना गया। चुनाव के उपरांत 16 सितम्बर से प्रारंभ होने वाले दशलक्षण पर्व पर आयोजित कार्यक्रमों में कार्यकारिणी ने समस्त जैन समाज से सहयोग का आह्वान किया।

# बैठक में एस 4 की गतिविधियों पर हुआ विचार



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवा (एस 4) की बैठक डाक्टर मेजर अभिनव विभाग संयोजक बिजनौर के आवास पर हुई, जिसमें मनीराम जी क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य आरएसएस, डा. संजीव प्रांत संयोजक एस 4, डा. आदित्य प्रांत सहसंयोजक एस 4 का उदबोधन हुआ। दानवीर जी विभाग कार्यवाह बुलंदशहर, मनोज जी विभाग संयोजक बिजनौर भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डा. तेजपाल, डा. शैलेन्द्र, डा. अमित नारायण, डा. इला, डा. प्रीति, डा. शलभ, डा. लवी, डा. सुमित, डा. अमित आदि की मौजूदगी में सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवा बिजनौर प्रभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही सामाजिक समरता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, जल संरक्षण, स्वदेशी आदि पर भी विमर्श हुआ। बैठक में डा. शैलेन्द्र को सह विभाग संयोजक एस 4 बिजनौर का दायित्व सौंपा गया।

# फिर क्षेत्रीय मंत्री बनीं हरजिन्दर कौर बहुत खुश है पंजाबी सभा बिजनौर



**बिजनौर ( चिंगारी )।** श्रीमती हरजिन्दर कौर को दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी की पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कमेटी में मंत्री नामित किये जाने से पंजाबी समाज में हर्ष व्याप्त है। पंजाबी सभा बिजनौर ने हरजिन्दर कौर को बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सदानंद खेड़ा, सुरेन्द्र कपूर, अनिल गम्भीर, लकी चोपड़ा, विमल मदान, मानव सचदेवा, सतीश खेड़ा, सुधीर गावड़ी, दीपक अरोरा, राजेन्द्र खुराना आदि मौजूद रहे। इन सभी ने हरजिन्दर कौर को पुन: क्षेत्रीय मंत्री नामित करने के लिये भाजपा हाईकमान का आभार व्यक्त किया।

# कुरआन की रोशनी में ज़िन्दगी गुजारें : मुफ्ती अब्दुर्रहमान

## रूहानी व इस्लाही महफ़िल का इनअकाद



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** इतवार के बाद नमाज मगरिब पड़ोसी सूबा उत्तराखंड के करीबी शहर जसपुर की नहर पार मौजूद मस्जिद आयशा में रूहानी व इस्लाही मजलिस का इनअकाद किया गया। कारी हसीबुर्रहमान की तिलावत-ए-कुरआन व मुफ्ती राशिद सुरजन नगरी की नातेपाक से महफिल का आगाज हुआ। मुफ्ती सलमान कासमी भागूवालवी की कयादत, मस्जिद आयशा के इमाम-ओ-खतीब कारी सलमान जसपुरी की कन्वीनरशिप व मस्जिद के मुतवल्ली हाफिज जाहिद हुसैन की जेर-ए-निगरानी में मुनअकिद इस महफिल की सरपरस्ती मौलाना अखलाक कासमी ने, सदारत हाफिज/कारी मौ. अय्यूब ने व निजामत मुफ्ती जुबैर आलम उदयपुरी ने फरमाई। प्रोग्राम को खासतौर से खिताब करते हुए मेहमान-ए-खुसूसी नौगावां सादात से तशरीफ़ लाए बुजुर्ग आलिम-ए-दीन मुफ्ती अब्दुर्रहमान साहब ने कुरान-ओ-हदीस की रोशनी में ज़िन्दगी गुजारने की नसीहत की और जिकरुल्लाह की फजीलत बयान की। प्रोग्राम के साथ जिक्र हुआ और फिर हजरत की खुसूसी दुआ के बाद प्रोग्राम खत्म हुआ। इस दौरान बहुत से लोगों ने मुफ्ती अब्दुर्रहमान साहब के हाथ पर बैत भी की। प्रोग्राम में लोगों की कसीर तादाद रही।

# अनियंत्रित हुई बाइक खंभे से टकराई, एक पुलिसकर्मी के गंभीर चोट आई



घटनास्थल पर जमा भीड़।

**धामपुर ( चिंगारी )।** आज प्रात: बाइक द्वारा धामपुर से बिजनौर जा रहे एक पुलिसकर्मी की बाइक नहटौर मार्ग पर हर्रा के पास अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई, जिससे उसके चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार बिजनौर में कार्यरत पेशकार प्रदीप कुमार आज प्रात: धामपुर से बाइक द्वारा बिजनौर जा रहे थे। जब वह नहटौर मार्ग पर ग्राम हर्रा में स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर सामुदायिक भवन के पास से गुजरे तो तीव्र मोड़ होने के कारण उनकी बाइक सेवा निवृत दरोगा अशोक कुमार के घर के पास खड़े बिजली के खंभे से जा टकराई, जिससे उनके नाक, होठ व माथे पर गंभीर चोटे आई हैं। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पुलिस कर्मी प्रदीप कुमार को अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जाता है कि पुलिस कर्मी प्रदीप कुमार ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घायल पुलिस कर्मी अब ठीक है।

# न्यूज चैनल ने विशिष्टजन को सम्मानित किया




पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान को सम्मानित करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के अल्वी न्यूज़ चैनल की ओर से एक विवाह मंडप में आयोजित सम्मान समारोह में राजनीतिक, सामाजिक एवं मीडिया क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वालों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान, नगर के बाल लोग विशेषज्ञ डॉ. कमाल अहमद, साहित्यकार एवं पत्रकार सत्यराज,बसपा नेता नाजिम अलवी, सपा नेता योगेश रस्तोगी,अयूब मलिक, यूनुस अल्वी, बन्ने अल्वी, नजाकत अल्वी ,डॉक्टर फहीम अल्वी, दिनेश चंद अग्रवाल नवीन, इमरान अल्वी, मोहम्मद इकराम, एजाज धामपुरी, सरदार सतवंत सिंह सलूजा, सरदार गुरशरण सिंह मोहन, डॉक्टर आफाक फेज, सुहैल डिजाइनर, रोमियो मयूर, पत्रकार मनोज कात्यायन, अभिषेक गुप्ता, सुमित शर्मा, शरद राजवंशी, सतीश शर्मा, सरदार मंजीत सिंह सलूजा, को विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया। समारोह के दौरान अतिथियों गायक नाजिम रफी व कुमार आफताब की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक गतिविधियों, पत्रकारिता, कला एवं सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने वाले लोगों का सम्मान करना अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादायी है। कुमार आफताब, नाजिम रफी, तथा वरिष्ठ पत्रकार सत्यराज ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# डीपीएस में हर्षोल्लास से मनाया गया ग्रैंड पेरेंट्स डे

**बिजनौर ( चिंगारी )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिजनौर में ग्रैंडपेरेंट्स डे सेलिब्रेशन का भव्य आयोजन प्री-प्राइमरी विंग के नन्हे-मुन्नों द्वारा विद्यालय के सभागार में किया गया। यह कार्यक्रम स्लॉट-I एवं स्लॉट-II में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यालय परिवार के साथ-साथ बड़ी संख्या में दादा-दादी एवं नाना-नानी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों का आनंद उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या श्रीमती पायल कपूर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित दादा-दादी को स्नेह एवं सम्मान के प्रतीक स्वरूप टोकन ऑफ लव प्रदान किया गया। गणेश वंदना 'गुरु ब्रह्मा' की मनमोहक प्रस्तुति से कार्यक्रम का आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण और भी सुंदर हो गया। इसके पश्चात नर्सरी के विभिन्न वर्गों के बच्चों ने 'अपनी तो जैसे-तैसे', 'आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे' एवं 'क्यों आगे पीछे डोलते हो' जैसे गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण एवं मनोरंजक स्किट्स रहे। स्लॉट-I में एलकेजी के विद्यार्थियों ने 'हमारे घर की असली ताकत हमारे दादा-दादी' विषय पर प्रस्तुति दी, जबकि स्लॉट-II में यूकेजी के विद्यार्थियों ने 'यादों का कारवां' नामक स्किट के माध्यम से बच्चों ने दादा-दादी के साथ बिताए अनमोल पलों, उनके स्नेह और परिवार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को बेहद खूबसूरती से प्रस्तुत किया। शिक्षक मनप्रीत एवं शिक्षक आकृति द्वारा क्विज़ का संचालन किया गया, जिसमें दादा-दादी ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन पवित्रा दलाल, वैष्णवी अग्रवाल, आदित्य चौधरी एवं नताशा सिंह द्वारा सुश्री महक शम्सी के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में किया गया। इस पूरे भव्य समारोह का मार्गदर्शन एवं सफल आयोजन प्री-प्राइमरी कोऑर्डिनेटर श्रीमती बिंदु चौधरी के कुशल नेतृत्व में किया गया।




# श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया नंद महोत्सव

**किरतपुर ( चिंगारी )।** श्री नंदलाल देवता मंदिर में कल नंद महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद रात आठ बजे देर रात्रि एक बजे तक बाहर से आए कलाकारों ने धार्मिक एवं पौराणिक प्रसंगों पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं। झांकियों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद कलाकारों ने बालकृष्ण की लीलाओं का सुंदर मंचन किया। शेषनाग द्वारा वर्षा के दौरान बाल गोपाल की रक्षा करने की लीला ने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। नंदगांव में नंदलाल के उत्सव और भगवान विष्णु के अवतार की प्रस्तुति ने भी दर्शकों को भावविभोर कर दिया। राम-सीता विवाह की झांकी भी प्रस्तुत की गई। माता दुर्गा द्वारा काल भैरव को मोक्ष प्रदान करने, बालाजी की भगवान राम के प्रति भक्ति और शिव विवाह की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को धार्मिक भावनाओं से जोड़ दिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में राधा-कृष्ण की रासलीला, गोपियों के साथ कृष्ण की लीलाओं और फूलों की होली की प्रस्तुति ने माहौल में उत्साह भर दिया। जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर राजेश वर्मा, नरेश कालरा, राकेश गोयल, संजीव वर्मा उर्फ सोनू, गौरव पाराशर, दीपक पाराशर, आदेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, दिव्यांशु गोयल, नवनीत मित्तल, कपिल रस्तोगी, ऋषभ सिंघल, दीपक वर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा। अंत में कार्यक्रम संयोजक सोनू वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।




# हिन्दुत्व की सबसे बड़ी शक्ति सामाजिक समरसता - डा. इन्द्रदेव

## महंत अवैधनाथ की पुण्यतिथि पर हुआ श्रद्धांजलि अर्पण कार्यक्रम



यज्ञ हवन में आहूति देते हुए मुख्य अतिथि व विश्व हिन्दू महासंघ के कार्यकर्ता।




कार्यक्रम में बोलते हुए डा. इन्द्रदेव सिंह। साथ में प्रिंस चौधरी।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रवा राजपूत धर्मशाला बिजनौर में विश्व हिन्दू महासंघ के संस्थापक महंत अवैधनाथ की 12वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पण कार्यक्रम जिलाध्यक्ष/मुरादाबाद मण्डल प्रभारी चौ. लव कुमार की अध्यक्षता तथा मुरादाबाद मण्डल सहप्रभारी राजेन्द्र सिंह के संचालन में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व विधायक डा. इन्द्रदेव सिंह संगठन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष ने सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए कहा कि हिन्दू समाज की शक्ति का मुख्य बिन्दु सामाजिक समरसता का ताना-बाना ही है। हिन्दुत्व को सर्वाधिक नुकसान जातिवाद की धारणा से होता है। उन्होंने राष्ट्र संत अवैधनाथ जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि हिन्दुओं को एकता के सूत्र में बंधे रहने की बहुत आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता प्रिन्स चौधरी ने अपने सम्बोधन में जोर देते हुए जातिवाद की भावना को त्याग कर समस्त हिन्दू समाज को एकजुट होकर सामाजिक समरसता का आधार बनना चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि विश्व हिन्दू महासंघ के संस्थापक गौरक्ष पीठ के पूर्व पीठाधीश्वर सन्त अवैधनाथ जी विरासत में हमें प्रखर हिन्दुत्वादी वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदान कर गये हैं। कार्यक्रम में जिला प्रभारी सविता शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुनील पाल मनोहारिया, जिला मंत्री दिनेश केसरिया, उर्मिला देवी मातृ शक्ति प्रकोष्ठ, अध्यक्ष सनातन रक्षा वाहिनी प्रदेश मंत्री पीयूष अरोड़ा, मातृ शक्ति जिला महामंत्री संध्या शर्मा बिजनौर, नगर अध्यक्ष अरविन्द मलिक, लाल सिंह, गोपाल सिंह, आशाराम सिंह, दीनदयाल गुप्ता, निपेन्द्र वर्मा, लोकेन्द्र चौधरी, पवन राणा, अंकुश राणा, गौरव राणा, प्यारेलाल योगी, आर.एस. राठी, अंकित, नितिन, भूदेव, लोकेन्द्र सिंह, शूरवीर सिंह आदि ने भी विचारों के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधिवत यज्ञ भवन हवन आयोजित कर किया गया, जिसमें सभी ने आहूति अर्पित की, साथ ही राष्ट्र सन्त अवैधनाथ एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गयी।



# बूढ़े बाबा के मठ पर लगा भव्य दोयज मेला

**हल्दौर ( चिंगारी )।** यहां थाना रोड के पास स्थित बूढ़े बाबा की मठ पर भव्य दोयज मेले का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर परिवार की खुशहाली की कामना की। प्रत्येक वर्ष भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर बूढ़े बाबा की मठ पर लगने वाले दोयज मेले का रविवार को आयोजन किया गया। थाने के पास हल्दौर-नहटौर मार्ग पर लगे मेले में नगर क्षेत्र सहित दूर दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बूढ़े बाबा के मठ पर प्रसाद चढ़ाया और परिवार की खुशहाली की कामना की। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु भारी पुलिस बल तैनात रहा। उदय नगर के समाजसेवी अभिषेक चौहान ने मेले में अपना शिविर लगाकर मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध व ठंडा जल की व्यवस्था की, जिसकी लोगों ने सहाना की।

# नेहरू स्टेडियम में हुआ कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन




## आरजेपी आर्य इंटर कॉलेज बना विजेता, बाकपुर टीम रही उपविजेता

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला कृषि औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के अंतर्गत नेहरू स्टेडियम में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रोमांचक मुकाबले में आरजेपी आर्य इंटर कॉलेज, बिजनौर की टीम विजेता रही, जबकि बाकपुर गांव की टीम ने उपविजेता का खिताब हासिल किया। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह और नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष इंदिरा सिंह ने दोनों टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के संयोजक विजेंद्र सिंह और सहसंयोजक प्रतिका राठी ने बताया कि जिले भर की 10 टीमों ने इसमें हिस्सा लिया था। विजेता आरजेपी स्कूल की टीम के मैनेजर अंशू चौधरी और उपविजेता बाकपुर टीम के मैनेजर रोहित चौधरी ने अपनी टीमों की ओर से मुख्य अतिथियों से पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह और पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, 'कबड्डी हमारा परंपरागत खेल है, जिसे जीवित रखना बेहद जरूरी है। खेलकूद से मन और शरीर स्वस्थ रहते हैं और आपसी भाईचारा बढ़ता है।' कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. बीरबल सिंह, अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह यादव बतौर अतिथि मौजूद रहे। सभासद अफजाल पहाड़ी, शमशाद अंसारी और मोहम्मद कासिम कार्यक्रम अध्यक्ष रहे। मैच को निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने में जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार सहित निर्णायक मंडल के रोहित, अंशू चौधरी, चित्रा चौहान, पूजा रानी, अर्जुन, विशाल कुमार, हर्ष, अरविंद, आशीष और राजेंद्र सोलंकी की मुख्य भूमिका रही।

# गौशाला में घुसकर बछड़े को उठा ले गया गुलदार

नांगल सोती ( चिंगारी )। नांगल सोती में गंगा मार्ग पर स्थित प्रसिद्ध एवं प्राचीन गंगा मंदिर से सटी हुई एक निजी गौशाला संचालित है। गौशाला समिति के अध्यक्ष रामपाल सिंह ने बताया कि गौवंश की सुरक्षा के लिये चारों ओर लोहे की जाली लगाई गई है। बारिश के कारण नीचे से रेत निकल जाने पर लोहे की जाली के नीचे कुछ खाली जगह बन गई थी। गुलदार वहां से पशुशाला के अंदर घुसा और एक वर्षीय बछड़े ( गौवंश ) को मार डाला। गुलदार जब बछड़े के शव को उठाकर बाहर ले जाने का प्रयास कर रहा था, तब मंदिर पर मौजूद महात्मा ब्रह्ममुनि तथा एक अन्य व्यक्ति ऋषिपाल को इसका पता लग गया। वे शोर मचाते हुए वहां पहुंचे, तो गुलदार मृत बछड़े को छोड़कर भागने पर मजबूर हो गया। लेकिन थोड़ी देर बाद गुलदार फिर आया तथा बछड़े के शव को उठाकर ले गया। रामपाल सिंह ने बताया कि गुलदार गौशाला के कई बछड़ों को अब तक निवाला बना चुका है। गौशाला से जुड़े व्यक्तियों ने वन विभाग से गौवंश की सुरक्षा के इंतजाम करने तथा गौशाला के समीप वनकर्मियों की गश्त बढ़ाने की मांग की है। डीएफओ नजीबाबाद पृथ्वीराज केएसबी ने स्टाफ को निर्देशित करने की बात कही है।

# पार्टी के वफादार हैं शेख सुलेमान, उन्हें एमएलसी बनाए हाईकमान

## शेख इस्लामुद्दीन ने अखिलेश को खत लिखा

अफजलगढ़ ( चिंगारी )। शेख सुलेमान पार्टी के कद्दावर और वफादार नेता हैं। नेता जी मुलायम सिंह से लेकर आज तक उन्होंने पार्टी को मजबूत करने का काम किया है



और एक नहीं बल्कि कई बार पार्टी द्वारा टिकट न दिए जाने पर भी उन्होंने सब्र करते हुए पार्टी प्रत्याशियों का चुनाव लड़ाकर पार्टी का सच्चा हितैषी होने का सबूत दिया है, इसलिए अब वक्त है कि पार्टी हाईकमान उन्हें राज्यसभा अथवा विधान परिषद में भेजे या फिर आगामी वि.स. चुनाव में बढ़ापुर से उन्हें पार्टी प्रत्याशी घोषित करे। यह मांग पूर्व वि.स. क्षेत्र अध्यक्ष, अफजलगढ़ निवासी शेख इस्लामुद्दीन (नेता जी) ने सपा मुखिया अखिलेश यादव को पत्र लिखकर की है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि शेख सुलेमान क्षेत्र या जिला ही नहीं बल्कि प.उ.प्र. के लोकप्रिय नेता हैं और साफ़ सुथरी छवि एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व के मालिक हैं जिन्होंने देश-प्रदेश के बड़े-बड़े नेताओं के साथ मिलकर राजनीतिक क्षेत्र में अहम रोल अदा करते हुए जनता की सेवा की है जिनकी मुलायम सिंह खुद बहुत कद्र किया करते थे। शेख इस्लामुद्दीन लिखते हैं कि राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष रहते भी उन्होंने तीन साल के कार्यकाल में जनता की समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ सपा को मजबूत करने का काम किया।

# गणेश जी की मूर्ति स्थापित की

नांगल सोती ( चिंगारी )। आज गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर ग्राम जालपुर के शिव मंदिर में खंडित हुई विघ्नहर्ता भगवान गणेश की मूर्ति के स्थान पर संगमरमर की नई मूर्ति स्थापित की गई। इसके पूर्व सुबह सवेरे गांव में कलश यात्रा निकाली गई और भगवान गणेश जी की मूर्ति को ग्राम भ्रमण कराया गया। उसके उपरांत मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा की गई। पुरोहित पं. दिलेराम शर्मा रहे तथा मुख्य यजमान जितेन्द्र सिंह और उनकी धर्मपत्नी सुनीता देवी रहे। युधिष्ठिर अहलावत, प्रदीप सैनी, कामेन्द्र सिंह, धन सिंह सैनी, मा. मदनपाल सिंह, अशोक कुमार, विकासदत्त शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के मुकदमों में फंसाने की धमकी देकर

## 8 लाख रुपये मांगने का आरोप

किरतपुर ( चिंगारी )। दुष्कर्म और सामूहिक गैंग रेप के मुकदमों में फंसाने की धमकी देकर आठ लाख रुपये मांगने का मामला सामने आया है। नगर के मोहल्ला लाड़पुरा निवासी एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर दबाव बनाकर रकम मांगने और इनकार करने पर झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाना किरतपुर में तहरीर देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। किरतपुर नगर के मोहल्ला लाड़पुरा निवासी महफूज खान पुत्र बाबू खां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2020 में किरतपुर-भनेड़ा हाईवे के लिए उसकी जमीन का अधिग्रहण हुआ था। वर्ष 2021 में उसे जमीन का मुआवजा मिला। आरोप है कि मुआवजा मिलने की जानकारी होने पर कुछ लोगों ने उससे संपर्क किया और पुराने मामलों में समझौता कराने के नाम पर आठ लाख रुपये की मांग की। महफूज का आरोप है कि दबाव और बदनामी के डर से उसने 50 हजार रुपये नकद दे दिए। शेष रकम देने से इनकार करने पर उसे दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म के झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी गई। तहरीर में महफूज ने आरोप लगाया कि उसके खिलाफ अमरोहा जनपद में वर्ष 2021 और 2022 में दुष्कर्म एवं सामूहिक दुष्कर्म से संबंधित मुकदमे दर्ज कराए गए थे। इनमें से एक मामले में पुलिस जांच के बाद अंतिम रिपोर्ट लगाए जाने की बात भी तहरीर में कही गई है। महफूज ने जुल्फिकार उर्फ बब्बू लंगड़ा, हिफजान, गुड्डी, प्रीति और रामकली समेत कुछ अज्ञात लोगों पर अन्य लोगों को भी इसी तरह झूठे मुकदमों में फंसाकर रकम वसूलने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी ने बताया कि जुल्फकार उर्फ बब्बू लंगड़ा सहित छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई हैं। और दोषियों के खिलाफ शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय यह है कि जुल्फकार उर्फ बब्बू लंगड़ा किरतपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर हैं। 15-20 साल पहले किरतपुर में रहता था और सट्टे का करोबार करता था। वह कई बार जेल जा चुका है। पुलिस के दवाब के चलते बब्बू लंगड़ा किरतपुर छोड़ गया था।

**बब्बू लंगड़ा सहित 6 के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज**

# नूरपुर में होगी ज़िला स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप

बिजनौर ( चिंगारी )। बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन की मीटिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री प्रदीप सेठी की अध्यक्षता में उन्हीं के निवास स्थान पर सम्पन्न हुई। बैठक में 29 एवं 30 सितंबर को नूरपुर के आर आर पब्लिक स्कूल में ज़िला स्तरीय सब जूनियर (14 वर्ष) बालक एवं बालिकाओं की चैंपियनशिप का आयोजन किये जाने की पुष्टि कर दी गई। इस चैंपियनशिप में वह बालक एवं बालिकाएं ही भाग ले सकेंगे, जिनका जन्म 01 जनवरी 2013 को या उसके बाद हुआ हो। सभी खिलाड़ियों का मौके पर मेडिकल परीक्षण भी बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के अधिकारियों एवं सभी प्रशिक्षकों के सामने किया जाएगा। चैंपियनशिप नाक आउट आधार पर खेली जाएगी। दोनों वर्गों (बालक/बालिकाओं) में अलग अलग प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को ट्रॉफ़ी एवं मैडल देकर सम्मानित किया जाएगा। टीमों के प्रत्येक खिलाड़ी को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के सौजन्य से प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रदीप सेठी (उपाध्यक्ष), योगेश्वर त्यागी(सचिव), गोपाल त्यागी (सह सचिव), अशोक त्यागी (वरिष्ठ बास्केटबॉल प्रशिक्षक), हेमन्त त्यागी, शशांक दिवाकर उपस्थित रहे।



# पिंजरे में कैद हुआ गुलदार

अफजलगढ़( चिंगारी )। नगर व क्षेत्र में पिछले कई दिनों से गुलदार की लगातार चहल-कदमी और जानवरों पर हमले की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ था। गुलदार की तलाश में वन विभाग द्वारा अलग-अलग स्थानों पर लगाए जा रहे पिंजरों के बीच रविवार देर रात कालागढ़ रोड स्थित डोडा कॉलोनी में लगाये गये पिंजरे में एक गुलदार कैद हो गया। जानकारी के अनुसार कालागढ़ रोड स्थित डोडा कॉलोनी और आदर्श कॉलोनी के आसपास पिछले कई दिनों से गुलदार की लगातार चहल-कदमी देखी जा रही थी। गुलदार कई कुतों को उठाकर ले जा चुका था। शाम और रात के समय गुलदार की आवाजाही से कॉलोनी के लोगों में भय बना हुआ था। लोग अपने बच्चों और पशुओं को लेकर भी चिंतित थे। गुलदार की लगातार मौजूदगी और जानवरों को अपना शिकार बनाए जाने से परेशान कॉलोनीवासियों ने मामले की जानकारी चेयरपर्सन संपत्ति जावेद, सभासद रिजवान हसन तथा वन विभाग के अधिकारियों को दी थी। गुलदार के पकड़े जाने के बाद डोडा कॉलोनी और आदर्श कॉलोनी के लोगों ने राहत की सांस ली। कॉलोनीवासियों ने गुलदार को पकड़वाने में सहयोग करने के लिए चेयरपर्सन संपत्ति जावेद, सभासद रिजवान हसन और वन विभाग के दरोगा सतवीर यादव का आभार जताया।




# कार्यालय नगरपालिका परिषद नूरपुर ( बिजनौर )

पत्रांक:- /न.पा.प.नू./2026-27 दिनांक:- 14 सितम्बर, 2026

## अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नूरपुर (बिजनौर) अपनी सीमा के अंदर बंदरों को पकड़कर वन क्षेत्रों में छुड़वाना चाहती है। बंदरों को पकड़ने एवं वन क्षेत्र में छोड़ने वाले व्यक्ति/फर्मों से दिनांक 24/09/2026 को सायं 05:00 बजे तक कुटेशन आमंत्रित करती है। बंदर पकड़ने के इच्छुक व्यक्ति/फर्म दिनांक 24/09/2026 को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी सीलबंद कुटेशन दर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में प्राप्त कुटेशन अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी द्वारा दिनांक 25/09/2026 को प्रात: 10:00 बजे खोले जायेंगे। एक या समस्त कुटेशन स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगरपालिका परिषद नूरपुर को होगा। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त होने वाली कुटेशनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

( सन्तोष कुमार मिश्र ) — अधिशासी अधिकारी

( डा. महेन्द्र प्रताप सिंह ) — अध्यक्ष



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**मंगलवार, 15 सितम्बर 2026**

मेष- धनहानि की आशंका, आय की अपेक्षा व्यय की अधिकता, पारिवारिक कठिनाइयों से उलझनें, आपसी सम्बन्धों में तालमेल का अभाव, मन व्यतिक्रम।

वृषभ- व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, विशिष्टजनों के सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोरंजन की ओर रुझान।

मिथुन- साहसिक प्रयास प्रगति पर, समझदारी से लिया गया निर्णय लाभप्रद, शुभ भावनाओं का उदय, आत्मिक शांति की अनुभूति, मनोबल में वृद्धि, अड़चनें समाप्त।

कर्क- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, नवयोजना दृष्टिगत, मेलमिलाप में रुचि, व्यवसाय में विस्तार एवं नवपरिवर्तन की दिशा में किये जा रहे प्रयास सफल, संभावित यात्रा।

सिंह- कार्यों में असफलता, अपनी प्रतिभा का सदुपयोग करने से वंचित, बातचीत के दौरान किसी से वाद-विवाद की आशंका, अकारण भ्रमण से अनावश्यक व्यय।

कन्या- कठिनाइयों के निवारण हेतु प्रयास सार्थक, स्वविवेक से लिया गया निर्णय व किया गया कार्य हितकर, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, यात्रा सुखद।

तुला- किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, परिवार में सुख शांति का समय, विवादास्पद मसला पक्ष में सुलझने की ओर, भोगविलासिता की ओर रुझान।

वृश्चिक-स्वास्थ्य सुधार पर विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, घरेलू सुख में उपस्थित दिक्कतें समाप्त, यात्रा में लाभ।

धनु- स्वास्थ्य में शिथिलता, कार्यों के प्रति उदासीनता, विशेष परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, आपसी सम्बन्धों में कटुता, राजकीय पक्ष से कष्ट, वाद-विवाद।

मकर- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति, कठिनाइयों का निराकरण, सुसंदेश की प्राप्ति से हर्षोल्लास, सामाजिक क्रियाकलापों में वृद्धि, नवसम्पर्क का सुयोग।

कुम्भ- अधूरे या नवकार्य पूर्णता की ओर, कुछेक समस्याओं का समाधान पक्ष में, मांगलिक आयोजन सम्पादित, आरोग्य सुख, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

मीन- व्यवसाय में विस्तार की दिशा में प्रयास, धर्म अध्यात्म के प्रति आस्था जागृत, व्यक्तिगत समस्या संतोषजनक समाधान, भोगविलासिता की ओर रुझान, हर्ष भी।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# बिजनौर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ काकरान खाप का महासम्मेलन

## खाप थाम्बेदारी की घोषणा, मुनेंद्र सिंह चुने गये जिला थाम्बेदार चौधरी







जिला थाम्बेदार चौधरी मुनेंद्र सिंह काकरान

**बिजनौर ( चिंगारी )**। रविवार को काकरान वाटिका बिजनौर में काकरान खाप महासम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। खाप चौधरी ओमपाल सिंह की अध्यक्षता में हुए महासम्मेलन में अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर गहन मंथन हुआ और सर्वसम्मति से कई निर्णय भी हुये। महासम्मेलन में खाप थाम्बेदारी की घोषणा की गई, जिसमें मुनेंद्र सिंह काकरान को जिला थाम्बेदार चौधरी, सत्यपाल सिंह (आलम सराय), सुरेंद्र सिंह (आदमपुर), संदीप काकरान (लाडनपुर), चौधरी निक्की काकरान, अंकुर काकरान (वाजिदपुर), धीरेंद्र काकरान (बेहड़ा), अरविंद काकरान (तिलोरा), रामपाल सिंह (मसूरी), करणवीर सिंह (राठौर), लोकेश काकरान (गुनारसी) को थाम्बेदार घोषित किया गया। महासम्मेलन में मृत्यु भोज व दहेज प्रथा पर रोक तथा लिंग अनुपात पर गहन चर्चा की गई। युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की गई और कमजोर परिवारों की सहायता एवं गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग करने का निर्णय हुआ। प्लास्टिक पर पूर्णत: रोक लगाने की मांग की गई। खाप महासम्मेलन में राजेंद्र सिंह- खाप प्रवक्ता, रविंद्र सिंह आर्य- खाप संयोजक, आशीष काकरान- खाप मंत्री, मुनेंद्र काकरान- जिला थाम्बेदार चौधरी, राजा भारतेंद्र सिंह काकरान- खाप संरक्षक के अलावा नरेंद्र प्रमुख (गौंडा), बिजेंद्र सिंह पूर्व सांसद, संतोष कुमार (मगदा), शिवा प्रधान, रामवीर नेता जी अलीगढ़, सुधांशु काकरान, सुभाष काकरान, भोपाल सिंह हरिद्वार, चौधरी उधम सिंह, हरेंद्र ताऊ काकरान, खिलेंद्र काकरान, यशवीर सिंह, लाल बहादुर सिंह, सचिन, आदित्य आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# सर्वयूपी ग्रामीण बैंक की शाखा में आग लगने से मचा हड़कंप

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की नजीबाबाद शाखा में रविवार को रात्रि साढ़े आठ बजे आग लग गई। बैंक से धुंआ उठते देखा अग्निशमन दल व बैंक कर्मचारी घटनास्थल पहुंचे। तहसील के सामने उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक नजीबाबाद शाखा के प्रबंधक कार्यालय में बिजली के शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। रविवार को बैंक बंद था व प्रबंधक अक्षय शर्मा अपने घर मुजफ्फरनगर गए थे। बैंक के सीनियर कर्मचारी राघवेंद्र अत्री सूचना मिलते ही चाबी लेकर बैंक पहुंचे। सूचना मिलते ही अपराध निरीक्षक योगेंद्र सिंह, अग्निशमन अधिकारी केएस जादौन घटना स्थल पहुंचे। अग्निशमन विभाग टीम ने प्रबंधक कार्यालय में लगी आग पर काबू पा लिया। हालांकि प्रबंधक कार्यालय का एसी, कंप्यूटर व सारा सामान अग्निकांड में जल गया। अग्निशमन अधिकारी केएस जादौन ने बताया कि एसी में ब्लास्ट होने अथवा शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अनुमान है।

# राष्ट्रीय लोकदल के नगर अध्यक्ष ने मीडियाकर्मियों को सम्मानित किया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। राष्ट्रीय लोकदल के नगर अध्यक्ष एडवोकेट इकबाल चौधरी के नेतृत्व में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईरा (इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोसिएशन) के जिलाध्यक्ष अफजाल अंसारी समेत नगर क्षेत्र के विभिन्न पत्रकारों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता की भूमिका, समाज के प्रति पत्रकारों की जिम्मेदारी व निष्पक्ष पत्रकारिता के महत्व पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। समारोह में आईरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तारिक ज़की के नेतृत्व में पत्रकारों द्वारा किए जा रहे कार्यों की चर्चा की गई। डॉ. आफताब नोमानी, नरेंद्र सिंह, नौशाद मुल्तानी, शहजाद नोमानी, शहजाद मलिक, गुलजार अहमद एड., मुशर्रफ अली, खिजर अहमद, जीशान नजीबाबादी, शाकिर अली, नईम सिद्दीकी, आकिफ हुसैन, सरफराज अहमद, बहार आलम, शाहनवाज अहमद, डॉ. इकराम, अनुज शर्मा, सोनू आदित्य, टीएस मलिक, हिमांशु तायल, साकिब ज़ैदी, पीआरओ वसीम अहमद, शमशुल इस्लाम एडवोकेट आदि को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप, संयोजक संजीव राठी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सरदार बुद्ध सिंह, सरदार बलबीर सिंह, चौधरी हरेंद्र सिंह, सरदार सर्वजीत सिंह, जिला महासचिव एवं नजीबाबाद विधानसभा प्रत्याशी अकरम शेख, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पंकज चौधरी, जिला प्रवक्ता संजीव चौधरी, नगर अध्यक्ष एडवोकेट इकबाल चौधरी, राजवीर सिंह खाईखेड़ी, सुरेश राणा, चरण सिंह, त्यागी समेत नौबाहर सिंह, सुधीर सिंह, एडवोकेट इसरार अहमद, इबादुर्रहमान, सरफराज अहमद, हाफिज कदीर कुरैशी, आजम एडवोकेट, इस्लाम अहमद, शाकिर अंसारी, वकार चैधरी, इकराम अहमद, शमशाद चौधरी, युनुस कुरैशी, सरदार मनमोहन सिंह, महिपाल सिंह, पंकज चेयरमैन, दुष्यंत बिश्नोई, शेखर सिंह आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# श्री गणेश की मूर्ति स्थापना से गणेश चौथ महोत्सव का शुभारंभ



**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। श्री गणेश चैथ महोत्सव समिति की ओर से नगर के मौहल्ला दरबाराशाह स्थित श्री सिद्धि विनायक मंदिर में आज 42 वें श्री गणेश चैथ महोत्सव का श्री गणेश की मूर्ति स्थापना से शुभारंभ किया गया। मंदिर में पंडित गिरधर डबराल व जितेंद्र डबराल ने विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद श्री गणेश की मूर्ति की स्थापना कराई। इस मौके पर एसडीएम शैलेंद्र कुमार व क्राइम इंस्पेक्टर योगेंद्र कुमार ने पूजा-अर्चना की। श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति के संरक्षक चैधरी कुलवीर सिंह ने बताया कि मंदिर में आज से शुरू हुआ श्री गणेश चौथ महोत्सव मूर्ति स्थापना से मूर्ति विसर्जन के बाद सम्पन्न होगा। इस दौरान 11 दिन तक लगातार सुबह शाम सुबह को प्रात: 8 बजे व शाम को सायं 7 बजे से श्री गणेश की पूजा-अर्चना व आरती की जाएगी। 25 सितम्बर को सायं 5 बजे से रेलवे स्टेशन से श्री गणेश की भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होकर मालिनी नदी के तट पर सम्पन्न होगी। शोभायात्रा में श्री गणेश दरबार, कीर्तन मंडलिया, बैण्ड व भव्य धार्मिक झांकियों को सम्मलित किया जाएगा। मटकी प्रभारी शैलेंद्र चौधरी ने बताया कि शोभायात्रा का मुख्य आर्कषण माखन मटकी प्रतियोगिता रेलवे स्टेशन, बाजार कल्लूगंज व बाजार चौक में होगा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनय कौशिक, प्रचारमंत्री डॉ. एसके जौहर, मंत्री रविंद्र चौहान, कार्यक्रम संयोजक मंडल के आलोक अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, लोकेश गोयल, डॉ. राजीव अरोड़ा, नितिश सिंघल, प्रबंधक राहुल वर्मा, विपिन अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, दीपक भारद्वाज, पंकज अग्रवाल एड., राजन टंडन गोल्डी, संदीप तायल, रचित अग्रवाल, प्रदीप डेजी आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय सेवा योजना, माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल द्वारा राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक 2026 आयोजित की गई।

समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल परमेंद्र कुमार बिष्ट, राज्य एनएसएस अधिकारी, डॉ सुनैना रावत, प्रधानाचार्य राजीव गांधी नवोदय विद्यालय डॉ. सुनीता भट्ट तथा मंडलीय समन्वयक गढ़वाल मंडल पुष्कर सिंह नेगी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत व सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। एनएसएस लक्ष्य गीत की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम संयोजक पुष्कर सिंह नेगी द्वारा मंडलीय




समीक्षा के संबंध में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में उत्तरकाशी, देहरादून एवं हरिद्वार सहित गढ़वाल मंडल के लगभग 135 एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में वृक्ष मित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने अपर शिक्षा निदेशक परमेंद्र कुमार बिष्ट व राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. सुनैना रावत को उपहार स्वरूप बद्रीनाथ की तुलसी का पौधा भेंट किया तथा वृक्षमित्र डॉ. सोनी के सौजन्य से विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रुद्राक्ष का पौधे का रोपण किया गया बैठक में शंकर बहादुर, सुशील थलेडी, डॉ. त्रिलोक चंद सोनी, नगर समन्वयक मनोज कुमार गुप्ता, संजीव सैनी आदि उपस्थित थे बैठक का संचालन राकेश मोहन ध्यानी ने किया।

## जीआईसी में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के सभागार में यू कास्ट एवं विद्यालयी शिक्षा विभाग उत्तराखंड के तत्वावधान में द्वितीय विकास खंड स्तरीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि प्रधानाचार्य उमा शंकर कुकरेती ने दीप प्रज्वलित कर किया। सर्वप्रथम सभी छात्रों की स्क्रीनिंग परीक्षा के बाद जूनियर व सीनियर स्तर पर 6-6 छात्रों का चयनकर सात चक्रों में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें जूनियर स्तर पर सेंट जोसेफ कॉन्वेंट के स्वर्णिम ने पहला, एसजीआरआर पब्लिक स्कूल की आकांक्षा ने दूसरा व जीआइसी सिगड्डी के जतिन अधिकारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में अटल उत्कृष्ट इंटर कालेज कण्वघाटी के आदर्श गौड़ पहले, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल की माही दूसरे एवं इसी स्कूल के अभिजय बिष्ट ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावत, विद्यालय प्रधानाचार्य मुकेश रावत, मनमोहन सिंह चौहान, जिला समन्वय राजेंद्र प्रसाद सुंदरियाल, ब्लॉक समन्वयक सरिता रौतेला और अखिलेश नेगी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# सीएमओ डॉ. मेघना ने चिकित्सा इकाइयों का निरीक्षण किया

### मरीजों की स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान देने के निर्देश दिये

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी पौड़ी डॉ. मेघना असवाल द्वारा विकासखंड दुगड्डा के अंतर्गत संचालित विभिन्न चिकित्सा इकाइयों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुगड्डा, लालपानी, मोटाढाक, झंडीचौड़-कलालघाटी तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर काशीरामपुर, लालपानी एवं पदमपुर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चिकित्सा इकाइयों में स्वच्छता व्यवस्था, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने सभी चिकित्सा इकाइयों में आपातकालीन वार्ड एवं प्रसव वार्ड में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। आजकल होने वाली मौसमी बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया, बुखार आदि के दृष्टिगत आवश्यक औषधियों का पर्याप्त स्टॉक एवं भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए ताकि आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके। कलालघाटी स्थित ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट लैब के निरीक्षण में डाटा एंट्री ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन एवं यंग माइक्रोबायोलॉजिस्ट के पद रिक्त पाए गए, जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा रिक्त पदों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा कोटद्वार स्थित बेस अस्पताल में डेंगू वार्ड का भी निरीक्षण किया गया तथा वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, साफ-सफाई एवं मरीजों के उपचार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। संबंधित अधिकारियों को डेंगू एवं अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अश्विनी, जिला सलाहकार श्वेता, शुभम तथा बी.पी.एम अखिलेश भी उपस्थित रहे।

## दुर्गापुरी चौराहे पर पुलिस की तैनाती की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नं. 29 घमंडपुर के पार्षद अमित नेगी ने दुर्गापुरी चौराहे पर यातायात नियंत्रण के लिए यातायात या समकक्ष पुलिस की ड्यूटी लगाने की मांग की है। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि दुर्गापुरी चौराहा भाबर क्षेत्र के व्यस्ततम चौराहों में से एक है। यहां से बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, स्कूली व व्यवसायिक वाहन सहित पैदल चलने वाले छात्र-छात्रा रोजाना आवागमन करते हैं। इस कारण चौराहे पर भीड़ लग जाती है। वर्तमान में यहां पर यातायात को नियंत्रित करने के लिए किसी भी पुलिसकर्मी की तैनाती नहीं है, इस कारण हर दिन शाम को जाम की स्थिति बन जाती है। कहा कि जनहित को देखते हुए चौराहे पर यातायात या समकक्ष पुलिस की तैनाती की जानी चाहिए।

# एम्स में मनाया गया 'विश्व आत्महत्या रोकथाम' दिवस



### नर्सिंग छात्रों ने प्रस्तुत किया नुक्कड़ नाटक

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में जन जागरूकता और सहभागिता गतिविधियों की श्रृंखला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य आत्महत्या की रोकथाम को बढ़ावा देना, मदद मांगने के व्यवहार को प्रोत्साहित करना और मानसिक स्वास्थ्य तथा आत्महत्या के आसपास खुले संवाद को बढ़ावा देना था। संस्थान की सीईओ प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह और एम्स के डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर डॉ. सौरभ वार्ष्णेय के नेतृत्व में कार्यक्रम की शुरुआत एम्स के नर्सिंग छात्रों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक से की गई जिसमें छात्रों ने आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं की रोकथाम, शैक्षणिक दबाव से निपटने और घर पर एक सहयोगात्मक माहौल बनाने के महत्व को दर्शाया। इसी श्रृंखला के अंतर्गत वॉल ऑफ होप (आशा की दीवार) आयोजित की गई, जिसमें नर्सिंग और अन्य विषयों के छात्रों ने सकारात्मक संदेशों, नारों और आशा की अभिव्यक्तियों के माध्यम से सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। इसके साथ ही स्टोन पेंटिंग (पत्थर पर चित्रकारी) के आयोजन के अंतर्गत छात्रों और चिकित्सा बिरादरी के सदस्यों ने रंगों, कलाकृतियों और रचनात्मक संदेशों के माध्यम से आशा, जीवन और आत्महत्या रोकथाम पर अपने दृष्टिकोण व्यक्त किए।

### विद्यार्थियों की सहायता के लिए क्यूआर कोड लॉन्च

इस दौरान पैनलिस्टों और छात्र प्रतिनिधियों द्वारा एक क्यूआर कोड लॉन्च किया गया। एसोसिएट डीन छात्र कल्याण डॉ. वंदना कुमार ढींगरा ने जानकारी दी कि यह क्यूआर कोड एम्स ऋषिकेश की आधिकारिक वेबसाइट पर छात्रों की सहायता के लिए उपलब्ध कराया गया है। छात्र-शिक्षक संवाद का समन्वय कॉलेज ऑफ नर्सिंग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजेश कुमार द्वारा किया गया। आयोजन में सुश्री अन्नपूर्णा (ट्यूटर नर्सिंग) के नेतृत्व में टीम द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

### मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर संस्थान प्रतिबद्ध

आयोजित विविध गतिविधियों के माध्यम से एम्स ऋषिकेश ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, आत्महत्या रोकथाम, करुणा और सुलभ सहायता प्रणालियों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। साथ ही छात्रों, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों, मरीजों, परिवारों और व्यापक समुदाय को एक ऐसी संस्कृति बनाने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जहां व्यक्ति बोलने, मदद मांगने और उम्मीद पाने में सुरक्षित महसूस करें।

# अधीनस्थ कृषि सेवा संघ की जिला कार्यकारिणी गठित

### सुधीर कुमार अध्यक्ष मयंक सैनी मंत्री बने

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार के झंडाचौक स्थित हिंदू पंचायती धर्मशाला के सभागार में अधीनस्थ कृषि सेवा संघ जनपद पौड़ी के द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा करने के साथ ही संघ की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष शुभम आर्य ने कहा कि संघ से जुड़े कर्मचारी शासन और कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, नीतियों तथा कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर लागू करवाने सहित किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, उर्वरकों के संतुलित उपयोग, सिंचाई प्रबंधन और कीट नियंत्रण की जानकारी देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए सरकार को भी उनके हितों की ओर ध्यान देना चाहिए। तत्पश्चात चुनाव अधिकारी जगमोहन रावत, सूरजपाल सिंह रावत व रमेश कठैत की देखरेख में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में सुधीर कुमार को अध्यक्ष, प्रवीन को उपाध्यक्ष, कु. मानसी बिष्ट को महिला उपाध्यक्ष, मयंक सैनी को जिला मंत्री, सागर बेनीवाल को कोषाध्यक्ष व हर्षवर्द्धन कुमार को संरक्षक चुना गया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# गड्ढों में गुम हो गई सड़क, पेवंदों के भरोसे है विकास की रफ्तार

## बिजनौर-नगीना रोड बनी राहगीरों के लिए मुसीबत, कमर दर्द से लेकर हादसों तक का सबब बन गया है रोड

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर की अति व्यस्त बिजनौर-नगीना रोड इन दिनों सड़क कम और गड्ढों का न खत्म होने वाला सिलसिला अधिक नजर आता है। शास्त्री चौक से रशीदपुर गढ़ी तक सड़क की हालत इतनी बदहाल है कि वाहन चालक रास्ता बदलने को मजबूर हैं। खासकर दुपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग सफर नहीं, किसी जोखिम भरे इम्तिहान से कम नहीं है। बड़े-बड़े गड्ढे न केवल वाहनों की रफ्तार रोक रहे हैं, बल्कि कई लोगों के लिए कमर और रीढ़ की तकलीफ का कारण भी बन रहे हैं।

विडंबना यह है कि सड़क की मरम्मत के नाम पर विभाग गड्ढों पर पेबंद लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेता है। लेकिन पेबंद आखिर पेबंद ही होता है- कुछ दिन सड़क का चेहरा ढकता है और फिर विभाग की कथित लापरवाही का चेहरा दोबारा सामने आ जाता है।

शहर के सिविल लाइन क्षेत्र में बीकानेर मिष्ठान भंडार के सामने से शास्त्री चौक तक सड़क पर मौजूद कई गड्ढों पर पेबंदकारी कर दी गई है, मगर शास्त्री चौक से नगीना रोड पर रशीदपुर गढ़ी तक हालात जस के तस हैं।



जगह-जगह गहरे गड्ढे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए लगातार खतरा बने हुए हैं। कई वाहन चालक इन गड्ढों में गिरकर घायल हो चुके हैं। झटकों ने दुपहिया वाहनों की उम्र भी घटा दी है और वाहन मालिकों की जेब पर मरम्मत का बोझ बढ़ा दिया है।

### पेवंदकारी कब तक छिपाएगी बदहाली?

यह मार्ग लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधीन आता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतों का सिलसिला लगातार चलता रहता है। शिकायतें बढ़ती हैं तो विभाग गड्ढों पर पेवंद लगा देता है। सवाल यह है कि क्या हर बार पेबंद लगाना ही सड़क निर्माण और रखरखाव का विकल्प है? आखिर कितने समय तक इन पेबंदों के पीछे सड़क की बदहाली और विभागीय उदासीनता को छिपाया जा सकता है?

हालात यह हैं कि सड़क पर सफर करने वालों के लिए हर गड्ढा एक नये झटके और हर सफर एक नई आशंका लेकर आता है। ऊपर से मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था भी बेहद कमजोर है। रात के अंधेरे में गड्ढे दिखाई न देने के कारण दुपहिया वाहन चालक कभी भी हादसे का शिकार हो सकते हैं। ऐसे में सड़क का गड्ढा सीधे अस्पताल की राह दिखाने वाला खतरा बन गया है।

### रात के अंधेरे में बढ़ जाता है ख़तरा

### शहर की सबसे बदहाल सड़कों में शुमार है यह मार्ग

इमलिया हाउस निवासी कोमल चौधरी का कहना है कि यह सड़क बिजनौर शहर की सबसे बदहाल सड़कों में गिनी जाती है। उनका कहना है कि संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर इस सड़क का निर्माण कराना चाहिए, ताकि रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को परेशानी और हादसों से राहत मिल सके।

### नगर पालिका में शामिल हुआ इलाका, मगर सड़क की तस्वीर नहीं बदली

शुगर मिल बिजनौर क्षेत्र निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नीरज चौधरी ने भी सड़क की बदहाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि करीब दो वर्ष पूर्व शुगर मिल बिजनौर एरिया को नगर पालिका में शामिल कर लिया गया था, लेकिन सड़क की हालत आज भी गड्ढों से भरी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि रेलवे फाटक पार करते ही सड़क के दोनों ओर ट्रक यूनियन और दुकानदारों द्वारा भारी अतिक्रमण किया गया है। इस कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के साथ क्षेत्र में दिनभर धूल उड़ती रहती है। उन्होंने कहा कि मार्ग पर टिमटिमाती हुई लाइटें लगाकर जिम्मेदार विभागों ने मानो औपचारिकता पूरी कर पल्ला झाड़ लिया है। सड़क पहले भी उपेक्षित थी और आज भी उपेक्षित है। फर्क सिर्फ इतना है कि समय बदला, व्यवस्था बदली और क्षेत्र नगर पालिका में शामिल हो गया, लेकिन सड़क की किस्मत नहीं बदली। गड्ढे आज भी वहीं हैं और सवाल भी। आखिर कब तक बिजनौर की इस महत्वपूर्ण सड़क को पेबंदों के सहारे चलाया जाता रहेगा?





